


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 16 अंक - 189 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 23 अप्रैल 2025 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## पुण्य स्मरण...

### सिर्फ मीडिया हाउस नहीं



श्रीकंचनपथ के नाम से शुरू हुआ यह सफर केवल एक मीडिया हाउस की सफलता नहीं है। यह भारतीय सनातन परम्पराओं के अनुरूप है जिसमें एक पीढ़ी बीज बोती थी और उसे सींचती थी। दूसरी पीढ़ी उसके फल खाती थी। फिर यह सम्पत्ति तीसरी, चौथी और आगे की पीढ़ियों को हस्तांतरित हो जाती थी। लगभग डेढ़ दशक पहले जो बीज रजनी ने बोया था उसे हमने अपनी बेटी कंचन के नाम से ही शुरू किया था। किसे पता था कि हमारी वह छोटी सी कोशिश कहां तक जाएगी। भारतीय मान्यता है कि समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को कुछ नहीं मिलता। पर कोशिश करते रहना ही मनुष्य का धर्म है। यही संदेश श्रीमदभागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिया था। डेढ़ दशक पहले माली हालात अच्छे नहीं थे। स्वास्थ्य भी जवाब दे रहा था पर मन में भरपूर उमंग थी। इसी उमंग की थाती को लिए हमने अपने कदम आगे बढ़ाए और पूरी तन्मयता के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहे। रजनी का स्थूल शरीर आज हमारे बीच नहीं है पर उसकी वह जिजीविषा, वह निरंतर काम करने की क्षमता और तीव्र इच्छा हमारी प्रेरणा बनकर हमारे साथ चल रही है। वह दिशा भी देती है और सहयोग भी करती है। यही कारण है कि श्रीकंचनपथ नाम का वह बीज आज प्रिंट मीडिया, वेब मीडिया, न्यूजपोर्टल, डिजिटल स्क्रीन-मीडिया के प्रत्येक क्षेत्र में अपने पांव मजबूती से जमा चुका है। हमने टीम को परिवार समझा और पूर्ण पारदर्शिता के साथ काम करते रहे। इसीलिए बड़ी से बड़ी आंधी और झंझावात भी हमारी टीम तो तोड़ नहीं पायी। नींव में सोना-चांदी, देव विग्रह रखने की परम्परा रही है। श्रीकंचनपथ की नींव में विचारों का, संस्कारों का धन गड़ा है। तटस्थ भाव से कर्मयोग का जो सिद्धांत रजनी के जीवनकाल में उसकी पहचान रही, वही कालांतर में श्रीकंचनपथ का संस्कार बन गया। आज हम खुश हैं कि हमारी दो पीढ़ियां साथ-साथ काम कर रही हैं। परिवार के वो सभी सदस्य जो इसके आरंभिक काल में इससे जुड़ते चले गए थे, आज भी हमारे साथ हैं। यह एक परिवार को संभालने का, सबको साथ लेकर चलने का वह संस्कार है जिसके प्रति हम नतमस्तक हैं, ऋणी हैं। आज रजनी का जन्मदिन है। इस अवसर पर रजनी का कोटि-कोटि पुण्यस्मरण।

*-राजेश अग्रवाल*

# आतंकी हमला: तीन संदिग्धों के स्केच जारी
# हमले में दो लोकल और दो पाकिस्तानी शामिल

**जम्मू ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद देश में उबाल है। सुरक्षा एजेंसियां दहशतगर्दों की तलाश में जुटी है। हेलीकॉप्टर, ड्रोन से आतंकियों की तलाश की जा रही है। इस बीच, आतंकी हमले पर नया अपडेट आया है। जानकारी मिली है कि पहलगाम हमले में दो पाकिस्तानी दहशतगर्द भी शामिल थे। उनके साथ में दो स्थानीय आतंकी भी थे। अब तक चार आतंकियों के बारे में जानकारियां सामने आई हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने हमला करने वाले तीन आतंकियों के स्केच भी जारी किए हैं।

बायसरन घाटी में मंगलवार को आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग पर्यटक घायल हैं। आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की। आतंकी हमले के बाद बुधवार सुबह से सेना से लेकर एनआईए, पुलिस और अन्य एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। ड्रोन और हेलिकॉप्टर से चप्पे-चप्पे पर निगरानी की जा रही है। साथ ही आतंकियों की तलाश की जा रही है। जम्मू कश्मीर से दिल्ली तक हाई अलर्ट जारी है।

बायसरन घाटी में हुए हमले में शामिल दो स्थानीय आतंकियों की पहचान कर ली गई है। दो पाकिस्तानी आतंकियों की भी पहचान हुई है। मंगलवार को आतंकियों ने करीब 20 मिनट तक एके-47 से गोलीबारी की थी। स्थानीय आतंकियों के नाम आदिल अहमद ठाकुर और आशिफ शेख बताए जा रहे हैं।

### हवाई किराया नहीं बढ़ाने के निर्देश

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद दिल्ली में नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने सभी एयरलाइन ऑपरेटरों के साथ आपात बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी एयरलाइंस को श्रीनगर मार्ग पर हवाई किराये में इजाफा न करने के सख्त निर्देश दिए। इंडिगो और एयर इंडिया ने श्रीनगर से मुंबई और दिल्ली के लिए चार अतिरिक्त उड़ाने संचालित करने का एलान किया।



### सबक सिखाने का समय आ गया है

करनाल विधायक जगमोहन आनंद कहते हैं, इस दुखद घटना की जितनी निंदा की जाए कम है... मैं प्रधानमंत्री से अपील करता हूं कि जिस धरती से आतंकवाद पनप रहा है, उसे सबक सिखाने का समय आ गया है। पीओके को भारत का हिस्सा बनाया जाना चाहिए ताकि देश को यह संदेश मिले कि देश में एक सक्षम सरकार है। ऐसी क्रूर हत्याओं के लिए भगवान भी उन्हें (हमलावरों को) माफ नहीं करेगा। कश्मीर के लोगों को भी सड़कों पर उतरकर इस घटना के खिलाफ एकजुट होना होगा क्योंकि उनकी रोजी-रोटी भी प्रभावित हुई है।

### पोस्टमार्टम के साथ बाकी औपचारिकताएं पूरी

पहलगाम में आतंकी हमले में रायपुर निवासी कारोबारी दिनेश मिरानिया की मौत पर रायपुर के कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने कहा, परिवार के साथ वहां पर प्रशासन से लोग मौजूद हैं। पोस्टमार्टम के साथ बाकी औपचारिकताएं पूर्ण हो गई हैं। कुछ समय बाद उड़ान के जरिए उन्हें (पीड़ित परिवार और मृतक के शव को) दिल्ली लाया जाएगा, हम प्रशासन और परिवार दोनों से संपर्क बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री का निर्देश है कि इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ प्रशासन और सरकार पूरा सहयोग करे... परिवार के साथ हम लगातार संपर्क में है।

### पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा

पटियाला में पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने कहा, यह असामाजिक तत्वों द्वारा की गई कायरतापूर्ण हरकत है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। हम एक राष्ट्र के रूप में इस घटना का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए दृढ़ हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा।

### आतंकियों ने कहा-तुम्हें नहीं मारेंगे, जाओ मोदी को बता दो

मृतकों में कर्नाटक के शिवमोगा के कारोबारी मंजुनाथ राव शामिल हैं। मंजुनाथ की पत्नी ने बताया कि आतंकियों ने उनके पति को सिर में गोली मारी। मैंने उनसे कहा, मेरे पति को मार दिया, मुझे भी मार दो। इस पर आतंकी बोले- तुम्हें नहीं मारेंगे, जाओ मोदी को बता दो। एक दिन पहले ही मंजुनाथ ने सोशल साइट पर वीडियो डालकर कहा था कि वहां घूमने में बहुत आनंद आ रहा है।

### सीएम साय ने पहलगाम आतंकी हमले पर जताया शोक



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में रायपुर निवासी दिनेश मिरानिया के दु:खद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह नृशंस और अमानवीय कृत्य अत्यंत निंदनीय है। आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है, और इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री साय ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।



### पीएम मोदी सऊदी अरब की यात्रा बीच में छोड़कर लौट आए

उस हमले में सीआरपीएफके 47 जवान मारे गए थे। हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की यात्रा बीच में छोड़कर लौट आए हैं। पीएम मोदी ने वारदात की कड़ी निंदा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार सुबह सऊदी अरब से हवाई अड्डे पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बैठक की और पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की स्थिति पर चर्चा की। इससे पहले, पीएम मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात कर जरूरी कदम उठाने और कश्मीर पहुंचाने के निर्देश दिए।

### गृहमंत्री ने दी श्रद्धांजलि



इससे पहले, कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के शव बुधवार को श्रीनगर लाए गए, जहां अधिकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष में पुष्पांजलि अर्पित की गई। बुधवार रात श्रीनगर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पीसीआर में एक समारोह में मृतकों के ताबूतों पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# सिविल इंजीनियर से 32 लाख की ठगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में एक बार फिर साइबर ठगों ने एक सिविल इंजीनियर को मोटे मुनाफे का लालच देकर करीब 32 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगी के शिकार इंजीनियर सत्येंद्र श्रीवास्तव लाभांडी स्थित ऐश्वर्या एम्पायर सोसायटी में रहते हैं। उन्होंने इस संबंध में तेलीबांधा थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, साइबर ठगों ने शुरुआत में सत्येंद्र श्रीवास्तव को एक फर्जी कंपनी 'ब्रिज गोल्ड' में निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच दिया। उन्होंने पहले इंजीनियर को एक छोटी रकम पर 20 हजार रुपये का लाभ दिखाकर भरोसा जीत लिया। इसके बाद धीरे-धीरे उनसे बड़ी रकम निवेश करवाई गई। आरोप है कि साइबर ठगों ने इंजीनियर के खाते से कुल 32 लाख रुपये निकाल लिए। जब इंजीनियर ने पैसे वापस मांगे, तो ठगों ने 12 लाख रुपये कमीशन देने का झांसा देकर और पैसे मांगने की कोशिश की। इसी दौरान इंजीनियर को ठगी का एहसास हुआ। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं के बाद पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी अनजान निवेश प्रस्ताव में पैसे लगाने से पहले जांच-पड़ताल करने की अपील की है।

### काली पट्टी बांधकर उतरेंगे खिलाड़ी और अंपायर, हैदराबाद-मुंबई मैच से पहले रखा जाएगा मौन

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 मैच के दौरान खिलाड़ी और अंपायर काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरेंगे। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है जिसमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस घटना से काफी दुखी है और हैदराबाद और मुंबई के बीच बुधवार को होने वाले मैच के दौरान पीड़ितों की श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने की बड़ी कार्रवाई, तीन करोड़ नगदी बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रायपुर प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने देश के 7 बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, इंदौर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई और ओडिशा के संबलपुर में ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए 576.29 करोड़ रुपए की सिक्योरिटीज/बॉन्ड/डीमैट खाते फ्रीज कर दस्तावेज जब्त किए। इसमें 3.29 करोड़ रुपए नकद शामिल हैं।



ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क का कनेक्शन दिल्ली के कुछ नेताओं से जुड़ा है। हवाला के जरिए छत्तीसगढ़ से दिल्ली तक काली कमाई भेजी गई। यह भी पाया गया कि सट्टेबाजी से कमाए गए पैसों को मॉरीशस और दुबई के फर्जी एफपीआई (फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स) के जरिए विदेशी निवेश और शेयर बाजार में लगाया गया, जिससे स्मॉल और मिडकैप कंपनियों के शेयरों की कीमतों में कृत्रिम उतार-चढ़ाव करके आम निवेशकों को चपत लगाई गई। अधिकारियों के अनुसार, यह मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक है। दिल्ली के जिन नेताओं का कनेक्शन मिला है, ईडी ने उनके खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# शरबत जिहाद के बाद अब क्या?

श्रीकंचनपथ




इस विषय पर लिखने में अब वितृष्णा होने लगी है। लोगों को आसान सफलता की चाभी मिल गई है। मशहूर होना है तो धर्म की आड़ ले लो। हजारों साल से सभी धार्मिक गुरू समाज पर परजीवियों की तरह लटके हुए हैं। उनका काम अब तक निर्बाध गति से चल रहा है। फिर इसे राजनीतिक दलों ने इसे अपना लिया और अल्पसंख्यकवाद पैदा हुआ। फिर अल्पसंख्यकों की काट के रूप में बहुसंख्यकवाद आ गया। तसल्ली केवल इस बात की है कि इस पागलपन का असर अभी भी सीमित है। अब धर्म का सहारा धंधेबाज भी उठाने लगे हैं। एक शरबत बेचने वाले ने दूसरे शरबत बेचने वाले पर शरबत की कमाई से धर्म स्थल और धार्मिक स्कूल खोलने का आरोप लगाया। कहा कि उसका शरबत पियोगे तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे। मेरा शरबत पियोगे तो मंदिर और गुरुकुल बनेंगे। दोनों ही अप्रासंगिक हैं। पढ़ा लिखा आदमी अपने बच्चों को आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे संस्थान में भेजने के लिए लालायित रहता है। किसी खाते पीते परिवार को न तो अपना बच्चा मदरसे भेजना है और न ही गुरुकुल। लोगों की नजर में ये गरीबों के लिए होते हैं। सवाल यह है कि शरबत जिहाद के बाद क्या? देश में बॉलीवुड संगीत और गजल प्रेमियों की अच्छी खासी तादाद है। इस उद्योग में भी बड़ी संख्या में मुसलमान हैं तो क्या यह भी संगीत जिहाद का हिस्सा है? तो क्या रफी, रहमान, दिलीप कुमार, सायरा बानो, मधुबाला, वहीदा रहमान, एआर रहमान, जैसे सैकड़ों लोगों का बॉयकॉट करना होगा? ये कौन सी संस्कृति है भाई? देश के कुछ लोग अपने-अपने कम्फर्ट जोन में बैठकर ऐसी वाहियात बातें कर रहे हैं जिनका न तो कोई सिर है न पैर। अपनी बेतुकी बातों से ये आक्रोश को हवा दे रहे हैं, कौमों को उकसा रहे हैं। देश भर में ऐसी घटनाएं घटित हो रही हैं जिसके बारे में 70 या 80 के दशक में किसी ने सोचा तक नहीं था। भिलाई की बात करें तो आज भी बड़ी संख्या में लोग एमजीएम स्कूल में अपना दाखिला कराने के लिए लाइन लगाए खड़े रहते हैं। तो क्या यह भी किसी जिहाद का हिस्सा है? दरअसल, जिन्हें हर चीज में जिहाद दिखाई देता है वो अपनी कमियों को छिपा रहे होते हैं। यदि आपके बच्चे दूसरे धर्मों में दीक्षित हो रहे हैं या विवाह कर रहे हैं तो इससे केवल यही साबित होता है कि उनकी सोच आपसे बेहतर है। वो आजमा कर देखना चाहते हैं। आज भी सस्ते में उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए लोग ईसाई संस्थानों में जाते हैं। दरअसल, समाज की जरूरतों का अपने कभी ध्यान रखा ही नहीं। जहां-जहां खालीपन मिला, दूसरे धर्म और पंथ के लोगों ने वह जगह घेर ली। इससे समाज मजबूत ही हुआ है। देश ने तरक्की ही की है। यह घटिया स्वार्थी खेल जितनी जल्दी बन्द होगा, देश और समाज के लिए उतना ही अच्छा रहेगा।



## संपादकीय

# हम जनता के साथ हैं बताना पड़ता है

किसी प्रदेश की राजनीति में कम से कम से कम दो प्रमुख राजनीतिक दल होते हैं, ज्यादा से ज्यादा तीन,चार व पांच दल भी होते हैं। दो राजनीतिक दल होते हैं तो एक राजनीतिक दल के साथ जनता होती है,जनता जिसके साथ होती है, वह सत्ता में होता है और जनता जिसके साथ नहीं होती है वह विपक्ष की भूमिका निबाहता है। वह हर साल जब भी मौका मिलता है तो सरकार के खिलाफ बड़े प्रदर्शन करता है। जनता को बताने व जताने का प्रयास करता है कि हम जनता के साथ है, खुद को जनता के साथ दिखाने के लिए हर तीन चार महीने में किसी भी मुद्दे को बड़ा मुद्दा बनाकर प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया जाता है।

> *सबसे आसान होता है कोई अपराध हो जाए तो उस उठाकर मीडिया सोशल मीडिया के जरिए शोर मचाना कि राज्य में कानून व्यवस्था का बुरा हाल हो गया है। राज्य में अपराध बढ़ रहे हैं, राज्य को अपराधगढ़ बना दिया गया है। अपराध तो किसी भी राजनीतिक दल का शासन हो होते रहते हैं लेकिन जो विपक्ष में होता है, उसके लिए वह हमेशा उठाने लायक मुद्दा होता है, वह हमेशा बड़ा मुद्दा होता है। नहीं हो तो बड़ा मुद्दा बना दिया जाता है। दुर्ग में बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई। बच्ची होने के मामला भावनात्मक हो गया, कांग्रेस ने इस मुद्दे को महिलाओं व बच्चियों के साथ हो रहे अपराध का मुद्दा बना दिया।*

सरकार की आलोचना की लेकिन इसके लिए कहीं से भी सरकार दोषी नहीं है, क्योंकि घर के भीतर होने वाले अपराध कोई भी सरकार हो रोक नहीं सकती। घर के लोग भी कहां रोक पाते हैं क्योंकि यह सब गुस्से में, बदला लेने,इगो के कारण, नशे मे किए जाते हैं। यह पूरे परिवार के साथ ही समाज की भी समस्या है, इसका समाज ही कोई हल सोच सकता है,लेकिन कहीं भी अपराध हो तो उसके लिए पुलिस व सरकार को कोसने का आदत विपक्ष की रहती है। कांग्रेस ने कुछ महीनों बाद छत्तीसगढ़ में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध व बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ सोमवार को आमसभा का आयोजन किया उसके बाद सीएम हाउस घेरने का प्रयास भी किया।

बड़े आयोजन किए ही इसलिए जाते हैं ताकि सरकार व जनता को अपनी ताकत दिखाई जा सके। यह राजनीतिक दल का शक्ति प्रदर्शन होता है इसलिए शक्ति का प्रदर्शन भी किया जाना जरूरी होता है। शक्ति प्रदर्शन का पता तब ही चलता है जब राजनीतिक दल के नेता पुलिस से झूमाझटकी करें, उसको धमकाने, डराने का प्रयास करें। लगाए गए बैरीकेड को तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करें। आमसभा का आयोजन इसलिए जरूरी होता है कि विपक्ष के नेताओं को सरकार के खिलाफ बहुत कुछ बोलना होता है तो कई नेताओं को बोलने का मौका मिल जाता है, सरकार के खिलाफ जितना गुस्सा होता है, सब नेता लोग बोलकर निकाल देते हैं।

वहीं जो लोग ज्यादा बोलना नहीं जानते हैं वह सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते है, पुलिस से झूमाझटकी करते हैं, बैरीकेड़ तोड़कर खुश हो जाते हैं कि हमारा कार्यक्रम सफल रहा। पुलिस भी जानती है कि कोई आयोजन सफल तब ही माना जाता है जब झुमाझटकी हो, आगे बढ़ने से रोकने पर आगे बढ़ने का प्रयास हो, बैरीकेड़ को तोड़ने का प्रयास हो, इसलिए पुलिस यह सब करने से नहीं रोकती है, वह यह सब करने देती है ताकि आयोजन सफल माना जाए और राजनीतिक दल के लोग जीत का भाव लेकर घरों को लौटें।

जब कोई राजनीतिक दल हर माह छोटे आयोजन, हर दो तीन माह मे एक बड़ा आयोजन करता है तो माना जाता है कि वह सक्रिय है, राजनीतिक रूप से जिंदा है। जनता को भी पता चलता है कि जिसे उसने सत्ता के लायक न समझ कर विपक्ष की भूमिका सौंपी है,वह विपक्ष का भूमिका ठीक से निबाह रहा है। राजनीति में जनता नकार दे तो राजनीतिक दल को जनता का निरंतर एहसास दिलाना पड़ता है कि उसने उसे नकार दिया है तो क्या हुआ, वह तो जनता के साथ है और जनता के हित में काम कर रहा है।

जनता को भी एक राजनीतिक दल के रूप में दूसरा राजनीतिक दल की जरूरत विकल्प के रूप में होती है। दो ही दल होते हैं तो एक विकल्प माना जाता है। जनता सरकार का काम भी देखती है और विपक्ष का काम भी देखती रहती है। पांच साल बाद वह तय करती है कि किसका काम अच्छा है। सरकार का काम अच्छा होता है तो वह उसे दोबारा सत्ता सौंपती है और सरकार का काम अच्छा न होने पर विकल्प के रूप में मौजूद राजनीतिक दल को सत्ता सौंपती है।

पिछली बार उसने यही किया है। भूपेश बघेल सरकार को पांच साल जनता ने मौका दिया लेकिन सेवा के साथ और भी बहुत कुछ किया उसने इसलिए चुनाव में जनता ने कांग्रेस को नकारा और हर चुनाव में नकार दिया। जिस राजनीतिक दल को हर चुनाव में जनता नकार देती है, उसे राजनीतिक रूप से मरणासन्न मान लिया जाता है।कांग्रेस का यही हाल है, इसलिए वह आए दिन प्रदर्शन के जरिए खुद को सक्रिय व जिंदा दिखाने का प्रयास कर रही है। अभी चार साल और उसको यही करना है। उसके बाद जनता फैसला करेगी कि उसने कांग्रेस को किसी योग्य माना है या नहीं।

## सु-विचार

**टेंशन उतनी ही लेनी चाहिए जितने में काम हो जाए इतनी नहीं की जिंदगी हराम हो जाए**

# जैसे को तैसा जवाब देने का इरादा

हरिशंकर व्यास

**भारत गजब की मायावी विश्वगुरूता में है! गुजरे सप्ताह पूरी दुनिया में डोनाल्ड ट्रंप से उथलपुथल हुई। सभी देश ट्रंप प्रशासन से बेइज्जत हुए। ट्रंप ने बड़ी इकॉनोमी में चीन के बाद भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगा उसे नंबर दो पर रखा। मगर हममें इसकी कोई प्रतिक्रिया, कोई विचार नहीं हुआ। इस खामोख्याली में रहे कि ट्रंप ने हमें उतना नहीं मारा जितना चीन को और उसके साथ विएतनाम, कंपूचिया को मारा! हमें औकात दिखाई बावजूद इसके हम गौरवान्वित थे! चीन ने बतौर रियल महाशक्ति के अमेरिका से कहां- 'हम चुनौती के आगे झुकने वाले नहीं! हम आखिर तक लड़ेंगे।' और वैश्विक वित्तिय हल्कों में अफवाह है कि अमेरिकी ट्रेजरी के दीर्घकालीन बांड्स की बाजार में धड़ाधड़ बिक्री (कोई 29 ट्रिलियन डालर के) हुई तो ट्रंप के हाथ पांव फूले।**



उन्होने चीन को छोड़ सभी देशों पर लगे टैरिफ को 9 जुलाई तक टाला। सोचे, कौन झुका, कौन घबराया? डोनाल्ड़ ट्रंप। चीन में इतना सोचना-विचारना, हिम्मत और दीर्घकालीन तैयारी है जिससे वह हर तरह की तैयारी में है। वैश्विक वित्तिय बाजार में निवेश का सर्वाधिक सुरक्षित-खरा औजार अमेरिकी ट्रेजरी के बांड्स माने जाते है। और ये सर्वाधिक किसके पास है? जापान नंबर एक पर है और उसके बाद चीन के पास 761 बिलियन डालर के अमेरिकी बांड्स है। यदि चीन अकेले अमेरिकी बांड्स में बेचने शुरू करे व जापान भी इसी रास्ते पर चल पड़े तो अमेरिका की वित्तिय ताकत कुछ ही घंटों में राख में बदल जाएगी।

तभी ट्रंप के हाथ-पांव फूले। चीन को अपना दुश्मन चिंहित कर बाकि देशों पर अतिरिक्त टैरिफ रोका। कहते है जापान ने भी कुछ अमेरिकी बांड्स निकाले। उधर योरोपीय संघ के 27 देशों में से 26 देशों ने अमेरिका के खिलाफ टैरिफ की तैयारियों पर सहमति दी। कनाड़ा और मेक्सिकों ने बदले के कदम उठाए। पूरी तरह निर्यात पर टिके दक्षिण कोरिया, विएतनाम, कंपूचिया ने अपने प्रतिनिधी वाशिंगटन दौड़ा कर देश के व्यापार को बचाने की कोशिशे की।

और भारत ने क्या किया? कुछ नहीं! मानों हम न तीन में और न पांच में। ठिक भी बात है। विश्व व्यापार में भारत का कुल हिस्सा सिर्फ 2.4 प्रतिशत है। मगर गडबड यह है कि अमेरिका ही सबसे बड़ा वह देश है जिसे हम बेचते ज्यादा है और खरीदते कम है। हमें लाभ अमेरिका से ही है। इसलिए ट्रंप की चिढ़ है कि भारत जैसे देश से भी हम घाटे में है।

तभी ट्रंप ने नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान दबाव बना कर बजट से अमेरिकी उत्पादनों पर डूयटी घटवाई। फिर भी 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए। मगर भारत ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यह रूख था कि बात करेंगे। हम कर ही क्या सकते है! भारत ने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया कि वह भी जैसे को तैसा जवाब देने का इरादा रखता है।

इसलिए तय माने डोनाल्ड़ ट्रंप भारत से कोई रियायत नहीं करेंगे। जुलाई में 26 फिसदी टैरिफ के अलावा वे भारत के फार्मास्यूटिकल सेक्टर की अलग कमर तोड़ेंगे। सो विदेश व्यापार की वास्तविकता से भी पता चलता है कि भारत न अपने बाजार में चीन की आर्थिक लूट को रोकने के विचार में समर्थ है और न अमेरिका या विश्व व्यापार में कोई ठोस, बराबरी का रिश्ता बना सकने का रोडमैप है।

इसलिए कि इस सबके लिए सोच-विचार का दिमाग है कहां? बस, एक ही इलहाम, एक ही ख्याल है कि हम विश्वगुरू! सोचे, पिछले दस वर्षों में दुनिया की बड़ी घटनाओं, विकास और ट्रेंड में क्या-क्या है? ट्रंप के व्यापार युद्ध से पहले, इजराइल-हमास युद्ध, रूस-यूक्रेन युद्ध है। चीन ने भारत की सीमा पर दादागिरी दिखाई। पता नहीं भारत का कितना इलाका कब्जाया। अफगानिस्तान में तालिबानी वर्चस्वता बनी। दक्षिण एसिया के हर देश में चीन का दबदबा फैला। भारत में भी जलवायु परिवर्तन और मौसम की जानलेवा मार का ट्रेंड है। वैश्विक पैमाने पर आर्टिफिशियल बुद्धीमत्ता की छलांगे, स्पेस दौड़, मेटावर्स-एआरवीआर, क्रिप्टोकरेंसी में क्या-क्या नहीं होता हुआ है!

जबकि भारत की थिंकिंग, नैरेटिव, प्राथमिकता क्या है? हमें फ्री बांटने, रैवडियों की व्यवस्था बनानी है। हमें धर्म और जाति से चुनाव जीतना है। हमारी भीड़ हमारी ताकत है। भीड़ की भक्ति, भोंडापन देश का विकास है। हिंदू-मुस्लिम की मुर्गा लड़ाई हमारे राष्ट्रीय एकीकरण और राष्ट्र निर्माण का रास्ता है। डोनाल्ड़ ट्रंप ने 'अमेरिका फर्स्ट' के फितूर में सभी देशों को इस सोच-विचार के लिए मजबूर किया कि तब हमारा क्या?

हम कैसे अपने आपको बदले? क्या नया सोचे? विश्व की तमाम तरह की व्यवस्थाओं के सिनेरियों में ब्रिटेन, योरोपीय संघ, जापान, चीन, आस्ट्रेलिया आदि लगभग सभी देशों ने अपने आप पर विचार, पुर्नविचार किया है, कर रहे है। वही भारत में इस सप्ताह वक्फ बोर्ड बिल, कांग्रेस अधिवेशन में पिछड़ों के आरक्षण, सीपीआईएम के अधिवेशन में 'धर्म' की चिंता और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक मुख्यमंत्री स्टालिन को नसीहत थी कि तमिल में दस्तखत तो कर दिखाएं!

# पर्वतों से ग्लेशियर के टूटने का सिलसिला कब टूटेगा

वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली, पर्यावरण वैज्ञानिक

**उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम से तीन किलोमीटर दूर माणा गांव के समीप हिमस्खलन हादसे की चपेट में आई आठ जिंदगियों को बचाया न जा सका। इसके पहले 7 फरवरी, 2021 को चमोली जिले में ही रैणी व तपोवन क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने से जल प्रलय आया था। तब 'ग्लेशियर बर्स्ट' जैसे शब्द का उपयोग किया गया था। मीडिया सनसनी के लिए शायद ग्लेशियर बर्स्ट शब्द ठीक है, परंतु वैज्ञानिक शब्दावली में इसका खास उल्लेख नहीं है। ग्लेशियर को समझना जरूरी है।**

दशकों से यह खबर हम सभी सुनते आ रहे हैं कि हिमालयी ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। अमेरिका की एक एजेंसी तो पूरे हिंदुकुश हिमालय पर ही जलवायु-परिवर्तन के खतरों से आगाह कर चुकी है। सब जानते हैं कि इन्हीं ग्लेशियरों के कारण हिमालय को जल मीनार भी कहा जाता है। यह वैज्ञानिक राय स्पष्ट है कि सर्दियों में पर्वतों पर बर्फको जमने देना चाहिए, पर शीतकाल में भी उन पहाड़ों पर भारी मशीनी कार्य हो रहे हैं, जिन पर ग्लेशियर टिके हैं। यह बहुत चिंताजनक है। अत: इसे मानव उत्प्रेरित त्रासदी भी कहा जा सकता है। यही नहीं, दशकों से यह पूरी तरह संज्ञान में है कि ग्लेशियरों के भीतर झीलें बढ़ रही हैं, जिनकी परिधियां जब टूट जाती हैं, तो भारी तबाही लाती हैं, तब भी विशेषकर उत्तराखंड में ग्लेशियर के प्रति संवेदना न जागना चिंताजनक है।

ग्लेशियर तो खुद पर्यावरण की मार खाए हुए हैं। सदैव गतिमान रहना उनका स्वभाव है। ग्लेशियर जब प्राकृतिक रूप से किसी पहाड़ के किनारे पहुंचते हैं, तो वहां लटके या झूलते रहते हैं व कभी टूट कर गुरुत्वाकर्षण शक्ति के वशीभूत हो जाते हैं। उनके नीचे नदियां हों, तो उन पर गिरेंगे। बस्तियां होंगी, तो उन पर गिरेंगे। इसमें ग्लेशियरों का क्या दोष? पहली क्षति उनको ही होती है, एक हादसे में उनका बहुत कुछ सदा के लिए समाप्त हो जाता है। जब हादसा हो जाता है, तब बयानबाजी होती है, अन्यथा कमाई करने के नाम पर चाहे पर्यटकों से हों या तीर्थयात्रियों से हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में कंपन पैदा करने वाले निर्माण कार्य जारी रहते हैं।

पवित्र चार धाम- बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री ग्लेशियर के अंचल में ही स्थित हैं। इन सभी धाम में लाखों लोग पहुंचते हैं। हजारों वाहन आते हैं। हवाई परिवहन भी बढ़ रहा है। यहां सीमेंट-सरिया से भी शहरीकरण हो रहा है। नतीजा यह कि ग्लेशियर साल-दर-साल घटते जा रहे हैं। वैश्विक प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन से खतरे बढ़ते जा रहे हैं। सहज ही यह सवाल पैदा होता है कि क्या राज्य सरकार ग्लेशियर के बचाव के लिए कुछ कर सकती है? ग्लेशियर को बचाने की पहल किसे करनी चाहिए और क्या वाकई ग्लेशियर की चिंता कोई कर रहा है? हर हादसे के बाद ऐसे सवाल खड़े होते हैं और समय के साथ शांत हो जाते हैं।

उपाय क्या है? जिन चट्टानों पर ग्लेशियर टिके हों, वहां किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। तापक्रम बढ़ने से ग्लेशियर का पिघलना सामान्य बात है, लेकिन उन पर गिरने वाली बर्फसे भरपाई होती रहे, तो उनका संतुलन बना रहता है। साल 2018 में बेंगलुरु के जलवायु परिवर्तन पर काम करने वाले एक संस्थान के वैज्ञानिकों ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि पश्चिमोत्तर हिमालय में 1991 के बाद औसत तापमान 0.66 सेंटीग्रेट बढ़ गया है। वहां सर्दियां भी लगातार गर्म हो रही हैं। यथार्थ यह है कि हिमालय के ग्लेशियर विश्व के जलवायु के संकेतक हैं। क्या इन संकेतकों पर ठीक से गौर किया जा रहा है? बिजली उत्पादन, औद्योगिकीकरण, परिवहन, पर्यटन, तीर्थाटन के नाम पर ग्लेशियर क्षेत्रों तक भीड़ व गतिविधियां बढ़ रही हैं। ये दुर्लभ पर्वतीय क्षेत्र महज आमोद-प्रमोद के लिए नहीं हैं। इन पर्वतों और ग्लेशियर को स्वस्थ रहने देना चाहिए। गंगा, यमुना जैसी नदियों और हिमालय को जीवित इंसान की तरह मानना हम कब शुरू करेंगे?

मैं 1970 के दशक में बदरीनाथ से माणा तक हुए भू-भौतिकीय सर्वेक्षण में शामिल रहा था और तब भी यह संवेदनशील क्षेत्र था। आज व्यावसायिक हित इतना हावी हो गया है कि माणा को टूरिस्ट हब बना दिया गया है। स्थानीय सजग लोग भी मानते हैं कि वास्तविक चिंताओं और खतरों की अनदेखी हो रही है। क्या ताजा हादसे के बाद अनदेखी का सिलसिला टूटने वाला है?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बांग्लादेश लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की राह पर लौटेगा

**बांग्लादेश की अपस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना निर्वासन के दर्द और पीड़ा से धीरे-धीरे उबर रही हैं। बंगाली नववष-'पोहेला बैशाख' के अवसर पर अपनी पार्टी अवामी लीग के कार्यकर्ताओं और देशवासियों के लिए जारी अपने संदेश में उन्होंने कहा है, 'आज स्वतंत्रता-विरोधी ताकतों ने बांग्लादेश में अवैध रूप से सत्ता पर कब्जा कर लिया है।**

वे सक्रिय रूप से बंगाली संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं।' उन्होंने दो टूक कहा, 'जो लोग अब बांग्लादेश का शासन चला रहे हैं, वे राष्ट्र और हमारी संस्कृति के दुश्मन हैं।' लोगों को याद होगा कि पिछले वर्ष अगस्त में कट्टरपंथियों ने शेख हसीना की निर्वाचित सरकार का तख्ता पलट दिया था। उसके बाद से वे भारत में निर्वासित हैं। हाल-फिलहाल बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे प्रतीत होता है कि वहां इस समय बंगाली अस्मिता और इस्लामी पहचान के बीच सीधा संघर्ष चल रहा है। अमेरिका के समर्थन से देश की सत्ता की बागडोर संभालने वाले मो. यूनुस अैर कट्टरपंथी जमाते इस्लामी व हिफाजते इस्लाम जैसे संगठन बांग्लादेश का नया इतिहास लिख रहे हैं।

बांग्लादेश में शुरू से बैसाख महीने के पहले दिन 'मंगल शोभायात्रा' के नाम से जुलूस निकाला जाता रहा है। लेकिन इस वर्ष हिफाजते इस्लाम और जमाते इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठनों ने मंगल शोभायात्रा को हिन्दू अनुष्ठान बताकर इसका नाम बदलने के लिए सरकार पर दबाव बनाया। सरकार ने इसका नाम बदल कर 'आनंदो शोभायात्रा' कर दिया। आश्चर्य की बात यह है कि लोकतंत्र और मानवाधिकार की दुहाई देने वाले अमेरिका और पश्चिमी देश बांग्लादेश में इस्लामी पहचान की वकालत करने वाली ताकतों का समर्थन कर रहे हैं।

इस हकीकत को नजरअंदाज कर रहे हैं कि इस्लामी कट्टरपंथी का जिन्न बोतल से बाहर आ गया है जो धीरे-धीरे पूरे समाज को धर्मांधता की ओर धकेल देगा। सबसे भयावह स्थिति यह हो सकती है कि बंगाली संस्कृति वाला यह देश नया अफगानिस्तान या सीरिया न बन जाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि बांग्लादेश का मौन बहुमत धीरे-धीरे अपनी आवाज बुलंद करने लगे। कुछ महीने पूर्व यहां लाखों लोगों ने 'आमार सोनार बांग्ला' का सामूहिक रूप से गायन किया था। शेख हसीना के यह संदेश से उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह भरेगा। सबको इस दिन का इतंजार है जब बांग्लादेश लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की राह पर लौटेगा।

# राहुल गांधी की विदेश में जहरीली जुबान, भारत की साख पर वार

संजय सक्सेना

**कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी एक बार फिर विदेशी धरती से भारत की संवैधानिक संस्थाओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर विवादों में आ गए हैं। अमेरिका यात्रा के दौरान बोस्टन यूनिवर्सिटी में दिए गए उनके बयान ने सियासी हलकों में एक बार फिर उबाल ला दिया है। राहुल गांधी ने भारतीय चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और कहा कि महाराष्ट्र में हुए चुनावों में धांधली हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और उनके सहयोगियों को जिताने के लिए चुनाव आयोग ने पक्षपात किया।**

राहुल गांधी के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ते और अब वे अमेरिका जाकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यह क्यों भूल जाते हैं कि उसी समय झारखंड में भी चुनाव हुए थे, और वहां कांग्रेस व सहयोगियों की सरकार बनी थी। क्या वहां भी चुनाव आयोग से कोई समझौता हुआ था?

संबित पात्रा ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी पर नेशनल हेराल्ड केस का हवाला देते हुए कहा कि दोनों 50 हजार के मुचलके पर जमानत पर बाहर हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग खुद भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं, वे विदेशी धरती पर जाकर भारत को अपमानित कर रहे हैं। पात्रा ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट के अनुसार 988 करोड़ रुपये का फर्जी डोनेशन राहुल और सोनिया गांधी की जेब में गया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर 'चोर मचाए शोर' की नीति अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस पूरे देश में अशांति फैलाने की कोशिश कर रही है।

पात्रा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये नेता दावा करते हैं कि कोई संपत्ति बेची या ट्रांसफर नहीं की गई, इसलिए गड़बड़ी कैसे हुई? लेकिन ईडी की चार्जशीट में साफ कहा गया है कि एजेएल (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) की संपत्तियों का उपयोग समाचार पत्र कार्यालयों के रूप में नहीं बल्कि 'अपराध की आय' के रूप में किया गया। दिल्ली के बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित हेराल्ड हाउस, लखनऊ और भोपाल की प्राइम लोकेशन वाली संपत्तियों का हवाला देते हुए पात्रा ने कहा कि ये संपत्तियां पत्रकारिता के लिए नहीं बल्कि लाभ कमाने के लिए इस्तेमाल की गईं।

राहुल गांधी के विदेश में भारत के खिलाफदिए गए बयानों की सूची लंबी होती जा रही है। मार्च 2023 में ब्रिटेन दौरे पर उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय में लर्निंग टू लिसन इन द 21स्ट सेंचुरी विषय पर व्याख्यान देते हुए भारत में लोकतंत्र के खतरे की बात कही थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि भारत की सभी स्वतंत्र संस्थाओं पर कब्जा कर लिया गया है और विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। उनके इस बयान पर दिल्ली में एक वकील ने उनके खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई थी।

सितंबर 2024 में अमेरिका के टेक्सास और वॉशिंगटन डीसी दौरे के दौरान राहुल गांधी ने सिख समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत में सिखों को पगड़ी और कड़ा पहनने में घबराहट होती है। इस बयान को भाजपा ने झूठा और भयावह करार दिया था। उस दौरे पर राहुल गांधी ने चीन की नीतियों की प्रशंसा भी की थी, जिसे भाजपा ने भारत विरोधी करार दिया। उन्होंने अमेरिका में भारत विरोधी छवि वाले नेताओं जैसे इल्हान उमर से भी मुलाकात की, जिस पर विवाद हुआ।

जून 2023 में वॉशिंगटन डीसी में राहुल गांधी ने मुस्लिम लीग को 'धर्मनिरपेक्ष' पार्टी बताया था। भाजपा ने इस पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी थी और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने इसे देश के बंटवारे का बीज बोने वाला बयान बताया। इससे पहले भी, 2018 में सिंगापुर और बहरीन दौरे पर उन्होंने भारत के खानपान की स्वतंत्रता को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में यह तय नहीं किया जा सकता कि लोग क्या खाएं। उस समय देश में बीफ को लेकर चल रहे विवाद के बीच यह बयान और भी ज्यादा चर्चा में आया।

मई 2022 में लंदन दौरे के दौरान राहुल गांधी ने भारतीय विदेश सेवा को अहंकारी बताया था। इस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तीखा पलटवार करते हुए कहा था कि यह अहंकार नहीं, बल्कि आत्मविश्वास है। उन्होंने राहुल के बयान को भारतीय राजनयिक प्रतिष्ठा को कमजोर करने वाला करार दिया था।

इन सभी घटनाओं को मिलाकर देखा जाए तो राहुल गांधी पर यह आरोप लगातार लगता रहा है कि वे विदेश जाकर भारत की लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक व्यवस्थाओं को कटघरे में खड़ा करते हैं। भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि राहुल गांधी देश में नहीं बल्कि विदेश में बैठकर सियासत करने की कोशिश कर रहे हैं। बीजेपी यह भी कहती है कि भारत के लोकतंत्र की मजबूती का परिचय दुनिया को बार-बार देना पड़ रहा है क्योंकि राहुल गांधी जैसे नेता विदेशी मंचों पर भारत को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं।

भाजपा की यह भी मांग रही है कि देश की संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास फैलाने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भारत की प्रतिष्ठा को वैश्विक मंच पर नुकसान न हो। वहीं कांग्रेस का तर्क है कि वह लोकतंत्र की रक्षा के लिए सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठा रही है, चाहे मंच देश का हो या विदेश का। यह सियासी खींचतान फिलहाल थमने वाली नहीं लगती, खासकर तब जब देश एक और चुनावी दौर की तरफबढ़ रहा है।








ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

श्रीकंचनपथ
भिलाई–दुर्ग

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करें
Mob.-:
9303289950
7987166110





## खास खबर

### मेंटेनेंस कार्य के चलते खुर्सीपार जोन-2 एवं 3 में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत कार्यरत नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग (टीईईडी) द्वारा नगर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर प्रिवेंटिव मेंटेनेंस कार्य किए जाते हैं। इन कार्यों का उद्देश्य विद्युत तंत्र की कार्यक्षमता को बनाए रखते हुए आकस्मिक बाधाओं की संभावना को न्यूनतम करना है। इसी क्रम में, पीएसडी-1 द्वारा प्रस्तावित रखरखाव कार्यक्रम के अंतर्गत 23 अप्रैल 2025 को प्रात: 6:00 बजे से पूर्वाह्न 11:30 बजे तक, नगर के खुर्सीपार जोन-2 एवं जोन-3 क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने सभी संबंधित क्षेत्रों के निवासियों से अनुरोध किया है कि वे इस असुविधा के लिए सहयोग प्रदान करें और आवश्यक पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करें।

### एनएसएस की 75वीं वर्षगांठ पर प्रचार-प्रसार कार्यक्रम कल

**दुर्ग।** भारत सरकार सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत एनएसएस के 75वे वर्षगांठ के अवसर पर 24 अप्रैल 2025 को राजेंद्र पार्क, राजेंद्र प्रसाद चौक के पास जीई रोड दुर्ग में शाम 4 बजे से 6.30 बजे तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम में एनएसएस के प्रचार प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक आयोजन व पंपलेट वितरण कार्यक्रम एवं पौधारोपण किया जायेगा।

### अत्याधुनिक अग्निशमन मशीनः विधायक यादव और महापौर अलका ने किया लोकार्पण

**दुर्ग।** अग्निजनित घटनाओ पर काबू पाने सरकार ने अत्याधुनिक अग्निशमन वाहन की सौगात दुर्गवासियों को दिए है। जिसका आज विधिवत लोकार्पण नगर सेनानी कार्यालय में विधायक गजेन्द्र यादव और महापौर अलका बाघमार ने किया। हाई प्रेशर वाले नये मशीन से ऊँची ईमारतो तक पानी का प्रेशर पहुंचाकर आग बुझाने में काम आएगा। इस दौरान एसडीआरएफ और अग्निशमन के जवानों ने मशीन का डेमो प्रदर्शित किया। विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की नगर सेना कार्यालय में अत्याधुनिक फायर वाहन (वाटर केनन) का महापौर अलका बाघमार के साथ संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। यह नया वाहन नगर सेना के जवानों की दक्षता को और सशक्त करेगा, जिससे आपात स्थितियों में उनकी सेवा और अधिक प्रभावी होगी। दुर्ग में एक और अग्निशमन वाहन प्रदान करने पर विधायक गजेन्द्र यादव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा की पिछले बजट में उन्होंने सरकार से अतिरिक्त अग्निशमन वाहन की मांग किये थे जिसमें इसी वर्ष एक वॉटर ब्रॉउजर यह अत्याधुनिक मशीन मिली है, आगे और भी फोम ब्रॉउजर मशीन की मांग की गई है।

# कलेक्टर अभिजीत सिंह ने ली सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक, दिए कई अहम निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में यातायात सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। श्री सिंह ने अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।



सर्विस रोड और यातायात सुधार के लिए कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को निर्देशित किया कि झरोखा बोगदा पुलिया से डी-मार्ट और आरोग्यम हॉस्पिटल से झरोखा बोगदा पुलिया तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण करने को कहा, जिससे आम नागरिकों को व्यवसायिक संस्थानों तक पहुंचने में सुविधा हो। इसके अलावा अंजोरा बायपास से नेहरू नगर गुरुद्वारा चौक तक दो स्थानों पर स्पीड वॉयलेशन डिवाइस कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा चिन्हित ब्लैक और ग्रे स्पॉट्स पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश स्थानों पर सुधार कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि कुछ स्थानों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रियदर्शनीय परिसर, साक्षरता चौक, खुर्सीपार, जी.आर.पी. कटिंग और मजार कटिंग में क्रैश बैरियर लगाने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। दुर्घटना जन्य स्थलों का निरीक्षण कर संबंधित विभाग को व्यक्तिगत रूचि लेकर आवश्यक त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्य सुधार कार्य-रॉयल खालसा, ज्योति कटिंग, जनता स्कूल और सिरसा गेट पर रोड मार्किंग और कैट्स आई लगाने, नगर पालिक निगम चरोदा भिलाई को सिरसा गांव की ओर मोड़ पर फ्री लेफ्ट टर्न बनाने को कहा गया। इंदिरा मार्केट में वैकल्पिक पार्किंग की सुविधा के लिए संगम प्रेस के पास स्थित शासकीय ज़मीन को चिन्हित कर वहां के दो कण्डम क्वार्टर तोड़कर मल्टीलेवल पार्किंग विकसित करने की योजना पर चर्चा की गई। बैठक में आबकारी विभाग ने जानकारी दी कि पोटिया चौक और अंजोरा में संचालित शराब दुकानों को मुख्य मार्ग से हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है।

बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे, नगर निगम आयुक्त दुर्ग सुमित अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त रिसाली श्रीमती मोनिका शर्मा, नगर निगम आयुक्त भिलाई राजीव पाण्डेय, चरोदा नगर निगम आयुक्त दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम सोनल डेविड, उत्तम ध्रुव, लवकेश ध्रुव, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस.एल.लकडा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सदानंद विंदराज, यातायात विभाग, पुलिस विभाग एएसपी ऋचा मिश्रा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में एनडीआरएफ द्वारा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) के सभागार में 22 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) द्वारा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम (फेमेक्स) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से एमएएच कारखानों-ऑक्सीजन प्लांट-2, प्रोपेन प्लांट-1 एवं 2 तथा लिंडे इंडिया लिमिटेड कृ के लिए आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न आपदाओं से निपटने हेतु आवश्यक उपायों की जानकारी प्रदान की गई और उनका व्यवहारिक प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया गया।



मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी. के. बेहेरा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन महाप्रबंधक आर. पी. अहिरवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम प्रमुख विकास शर्मा एवं उनकी टीम ने भूकंप, अग्निकांड, गैस रिसाव जैसी आकस्मिक आपदाओं से निपटने के लिए जरूरी सावधानियों, उपकरणों के उपयोग और प्राथमिक प्रतिक्रिया उपायों पर न केवल ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया, बल्कि उनके सजीव प्रदर्शन के माध्यम से उपस्थितजनों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया। इन प्रस्तुतियों को प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत प्रभावी, अनुकरणीय एवं व्यवहारिक बताया गया।

कार्यक्रम में कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक एम. वी. बाबू भी उपस्थित थे। साथ ही, कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने में ऑक्सीजन प्लांट-2 से महाप्रबंधक पी. सी. बाग, महाप्रबंधक नदीम खान, उमेश मलायाथ एवं श्री एम. डी. साहू ने सक्रिय योगदान दिया। इसी प्रकार, प्रोपेन प्लांट-1 एवं 2 से आर. के. चंद्रा एवं नागेन्धर तथा लिंडे इंडिया लिमिटेड से सत्यनारायण, राहुल एवं राजेश उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका कार्मिकों सहित कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण हेतु समीक्षा बैठकें निर्धारित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार-2025 कार्यक्रम संचालित है। जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना व विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जन-प्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में सुशासन तिहार 2025 के तहत पहले चरण (08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक) में समाधान पेटी/ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। उक्त प्राप्त हुए आवेदन पत्रों (शिकायत/मांग) का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाना है। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों/निकायों में प्राप्त आवेदन पत्रों (मांग/शिकायत) के निराकरण की प्रगति की समीक्षा निर्धारित तिथियों एवं स्थानों में प्रात: 10 बजे से की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र तथा नगर पंचायत उतई क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सभागार में की जाएगी। इसी प्रकार 27 अप्रैल 2025 दिन नगर पालिक परिषद् जामुल क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा के सभाकक्ष में की जाएगी।

## विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया, छात्र-छात्राओं ने ड्राइंग बनाकर स्लोगन लिखकर दिया संदेश

**दुर्ग।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों में ड्राइंग बनाकर और स्लोगन लिखकर के जन जागरूकता का मैसेज संदेश दिया। छात्रों ने अपील की कि हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर पेड़ों का क्यूआर कोड बारकोड तैयार करने का छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। यह आयोजन विज्ञान विभाग के गीता माली एवं राजेश कुमार के द्वारा किया गया। विद्यालय में स्थित 50 से अधिक पौधों का क्यूआर कोड बनाया गया। उल्लेखनीय है कि क्यू आर कोड के माध्यम से स्कैन करके पेड़ों की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा-हम सबको पृथ्वी को बचाने के मूवी में आगे आना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना चाहिए। अगर यह संकल्प शहर गांव और देश का हर व्यक्ति ले ले तो यह प्रकृति हरी-भरी हो सकती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय आर्य ने किया।

# निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नवा रायपुर स्थित बाल्को मेडिकल सेंटर के सहयोग से 22 अप्रैल 2025 को संयंत्र के 'सियान सदन-रिटायरमेंट होम' परिसर में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय शिविर प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य कैंसर के लक्षणों, कारणों और उपचार के प्रति स्थानीय



समुदाय में जागरूकता फैलाना था।

शिविर में कुल 72 व्यक्तियों की जांच की गई। साथ ही रोगियों को आवश्यक दवाईयाँ भी वितरित की गईं। कैंसर के संभावित लक्षण पाए जाने वाले व्यक्तियों आगे की जांच हेतु बाल्को मेडिकल सेंटर, रायपुर जाने की सलाह दी गई।

उल्लेखनीय है कि इस श्रृंखला का यह तीसरा शिविर था। इससे पूर्व, 20 जनवरी 2025 को तालपुरी ट्विन सिटी इंटरनेशनल कॉलोनी, भिलाई में पहला शिविर आयोजित किया गया था, जिसमें 69 लोगों की जांच की गई थी, जबकि दूसरा शिविर 15 फरवरी 2025 में स्मृति नगर, भिलाई में आयोजित किया गया था, जहाँ 39 लोगों की जांच हुई थी। शिविर में वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. प्रभाकर गुप्ता (बाल्को मेडिकल सेंटर), मेडिसिन विभाग, जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र से डॉ. त्रिनाथ दास, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर), सुशील कामड़े, उप प्रबंधक (सीएसआर), के.के. वर्मा, बुधेलाल, तथा सीएसआर एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभागों के अन्य अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और शिविर के सफल संचालन में योगदान दिया।

शिविर के दौरान कैंसर संबंधी विभिन्न प्रकार की जांचों एवं परामर्श की व्यवस्थाएँ की गई थीं, जिनमें थर्मल स्क्रीनिंग, पैप टेस्ट (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर हेतु), मैमोग्राफी, मौखिक कैंसर स्क्रीनिंग (ब्रश साइटोलॉजी) सहित आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श व जागरूकता सत्र शामिल थे। कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान एवं उससे बचाव हेतु इन प्रक्रियाओं के माध्यम से जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

# भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा नवीनीकृत इस्पात क्लब सेक्टर 4 का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा सेक्टर-4 में नवीनीकृत इस्पात क्लब का उद्घाटन, 22 अप्रैल 2025 को मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबन्धक संदीप माथुर, महाप्रबन्धक विष्णु के पाठक, अध्यक्ष नन्द किशोर साहू उपस्थित थे।





इस अवसर पर उप-महाप्रबंधक डीसी सिंह, उप-महाप्रबंधक रणवीर सिंह, उप-महाप्रबंधक राजीव कुमार, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा, कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने समय पर कार्य को पूरा करने लिए सभी सम्बंधित विभागों की सराहना की और सभी को नवीनीकृत इस्पात क्लब को सौंपें जाने की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रबंधन संयंत्र में उत्पादन को बढ़ाने की चर्चा के साथ-साथ अपने कर्मचारियों के हित और सुख सुविधाओं के बारे में भी सोचती है। उन्होंने संयंत्र के बाहर कर्मचारियों की सामाजिक जिम्मेदारी के विषय में चर्चा करते हुए सर्वसुविधायुक्त नवीनीकृत इस्पात क्लब की आवश्यकता और उसके उपयोग पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने क्लब के नियमित देख-रेख और उससे विवेकपूर्ण तरीके से लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया।

मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता सहित विशेष अतिथियों ने भी अपने आशीर्वचन के साथ इस नवीनीकृत इस्पात क्लब के लिए शुभकामनायें और बधाई प्रेषित की।

भिलाई इस्पात संयंत्र, इस्पात उत्पादन के साथ-साथ अपने कर्मचारियों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखता है। संयंत्र इस्पात नगरी के सौंदर्याकरण के लिए इन दिनों कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। इन परियोजनाओं के तहत, सड़कों की मरम्मत एवं चैकों के जीर्णोद्धार सहित पुराने इस्पात क्लबों के रेनोवेशन का कार्य भी किया जा रहा है। टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में स्थित इस्पात क्लबों के रेनोवेशन कार्य की शुरुआत इस्पात क्लब सेक्टर 7 के नवीनीकरण के साथ की गई थी। साथ ही कार्यक्रम में भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारी रविशंकर सिंह के साथ हरिशंकर चतुर्वेदी, सुरेन्द्र चैहान, कैलाश सिंह, कार्तिक पाण्डेय, सुदीप सेनगुप्ता, अमित कुमार सिंह, अशोक कुमार, राम कुमार, संजय प्रताप, अरविन्द सिंह, रमेश दत्त पांडे, अनिल सिंह, उमेश मिश्रा, राकेश मिश्रा, प्रकाश सोनी, चंद्रकांत पटेल एवं दीनानाथ की भी मौजूदगी रही।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सिविल नवीनीकरण के अंतर्गत इस्पात क्लब सेक्टर -7 की तर्ज पर इस्पात क्लब सेक्टर-4 का आंतरिक और बाह्य रूप से पूर्ण नवीनीकरण किया गया। अटैच बाथरूम के साथ दो नए कमरे व बैंक्वेट-हॉल का निर्माण किया गया है। इसके अलावा दो नए स्टेज बनाए गए हैं व बाउंड्रीवाल की मरम्मत के साथ ही इस्पात क्लब प्रांगण के अंदर के रोड की रेकार्पेटिंग व एक वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण भी किया गया है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Premier sales: 8959493000
A Leela Electronics: 9425507772
Reena Electronics: 9329132299
Shree Electronics: 7000827361
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### जनसुनवाई: वार्ड निरीक्षण और नालों की सफाई पर दिया जोर

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने नगर निगम के जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, श्रीमती साधना प्रमोद साहू, मुरली शर्मा, अंबर अग्रवाल, बद्री प्रसाद गुप्ता, श्रीमती श्वेता विश्वकर्मा, प्रीतम सिंह ठाकुर, गोपेश साहू, सचिन बी. मेघानी को बुलाकर सभापति कक्ष में उनसे चर्चा कर जोन में पार्षदगणों और अधिकारियों की शीघ्र बैठक लेने, वार्ड पार्षदों की समस्याएं सुनने, जोन कार्यालय में बैठकर आमजनता की समस्याएं सुनने समय निर्धारित करने, अधिकारियों से समन्वय रखकर वार्डों का प्रतिदिन वार्ड पार्षद सहित निरीक्षण कर नागरिकों की समस्याएं सुनकर जनसमस्याओं का निदान करने का सुझाव दिया है।

सभापति ने जोन अध्यक्षगणों को वार्डों में निरीक्षण कर सफाई और पेयजल सम्बंधित जनसमस्याओं को प्राथमिकता से करने फोकस करते हुए सभी बड़े नालों की सफाई पोकलेन मशीन अथवा जेसीबी मशीन लगाकर अथवा मेन्युअल सफाई लगाकर पहली बारिश के पूर्व सभी वार्डो में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से अभियान चलाकर करवाने का सुझाव दिया है।

सभापति ने जोन अध्यक्षगणों को प्रतिदिन गर्मी में वार्डों का निरीक्षण कर पेयजल समस्याओं से अवगत होकर तत्काल पेयजल की वार्डों में सभी रहवासियों को उपलब्धता करवाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा है, उन्होंने नागरिकों को पेयजल संकट से ग्रस्त वार्डों में पेयजल टैंकरों से जलआपूर्ति करवाना सुनिश्चित करने का सुझाव जनहित में सभी को पेयजल गर्मी में प्रतिदिन उपलब्ध करवाने हेतु दिया है।

### निगम जोन-10 ने प्राप्त शिकायतों किया त्वरित समाधान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना सुशासन तिहार- 2025 के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर निगम रायपुर के सभी 10 जो नों के समस्त 70 वार्डों में विगत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक वार्डवार शिविर का आयोजन किया गया था।

जानकारी देते हुए नगर निगम जोन 10 जोन



अध्यक्ष सचिन बी मेघानी और जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे ने बताया कि उक्त वार्ड वार शिविर में नगर निगम रायपुर के जोन 10 के वार्डों में आम जनता से कुल 164 मांग और शिकायतें प्राप्त हुई थीं। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के विद्युत विभाग में लाईट मरम्मत, नया लाईट लगाने, 14 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें सभी स्ट्रीट लाईट मरम्मत कर लगायी गयी है एवं 36 नग नई स्ट्रीट लाईट लगाई गई है। इस प्रकार 50 शिकायत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग में रोड सफाई, नाली सफाई, चौक-चौराहे की सफाई, मुक्कड की सफाई एवं डस्टबीन रखे जाने हेतु शिकायत के सम्बन्ध में 50 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 48 शिकायत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। राशन कार्ड हेतु नाम जोड़ने, नाम हटाने एवं नया राशन कार्ड बनाने हेतु 8 शिकायत व 16 मांग आवेदन प्राप्त हुई थी,, राशन कार्ड से संबंधित सभी 24 मांग-शिकायत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। जल विभाग में बोर मरम्मत, नये नल कनेक्शन एवं कनेक्शन मरम्मत से संबंधित 08 शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें से सभी प्राप्त 8 शिकायत आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। इस प्रकार सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 10 द्वारा कुल 164 प्राप्त शिकायतों में से 136 मांग शिकायतों का त्वरित गुणवत्तायुक्त समाधान किया जा चुका है।

### राज्यपाल डेका से सीमा सुरक्षा बल के अतिरिक्त महानिदेशक ने की भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में टेकवांग नामग्याल अतिरिक्त महानिदेशक, एंटी नक्सल ऑपरेशन सीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने छत्तीसगढ़ में नक्सल गतिविधियों की रोकथाम के लिए की जा रही कार्रवाई के संबंध में राज्यपाल को अवगत कराया। इस अवसर पर एंटी नक्सल (ऑपरेशन) सीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल संजय यादव भी उपस्थित थे।

# स्थापना दिवस : प्रकृति संरक्षण का संकल्प व आठ वर्षों की गौरवशाली यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी ने आज अपने स्थापना दिवस पर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपने अटूट संकल्प को दोहराया और पिछले आठ वर्षों की अपनी गौरवशाली यात्रा का स्मरण किया। जाने-माने उद्यमी श्री राजेश अग्रवाल जी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा कि ग्रीन आर्मी का आठ वर्षों का सफर अब बाल्यावस्था से आगे बढ़कर ठोस और प्रभावी कार्यों की ओर अग्रसर होने का समय है। उन्होंने संस्था के आगामी लक्ष्यों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्लास्टिक मुक्त समाज और जल संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की बात कही। श्री दुबे ने गजराज बांध, महाराज बांध और अन्य तालाबों की वर्तमान दयनीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने देवपुरी जोन और डीडीयू नगर जोन द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की और श्री राजेश अग्रवाल को मैनेजमेंट गुरु बताते हुए उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन को महत्वपूर्ण बताया।

ग्रीन आर्मी के संरक्षक एवं प्रसिद्ध उद्यमी राजेश अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन के लिए हवा और पानी सबसे अनिवार्य आवश्यकताएं




हैं। उन्होंने पृथ्वी पर तीन चौथाई पानी होने के बावजूद मानव द्वारा इसकी अंधाधुंध बर्बादी पर चिंता व्यक्त की। अग्रवाल ने पद के बदले जिम्मेदारी को कहीं अधिक महत्वपूर्ण बताया। रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी समय के साथ और भी अधिक बढ़ गई है। उन्होंने शहरवासियों के विश्वास पर खरा उतरने और पहले से भी अधिक समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया। इसी क्रम में, उन्होंने भारती श्रीवास्तव को महिला विंग की अध्यक्षा नियुक्त किया, जो महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण में उनकी सक्रिय भूमिका को दर्शाता है।

वाइट विंग इंचार्ज निधि अग्रवाल ने प्लास्टिक मुक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शहर के 250 भवनों को प्लास्टिक मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए भवनों में आवेदन, फोटो और जागरूकता बैनर लगाए जाएंगे। उन्होंने प्लास्टिक मुक्ति से संबंधित 16 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला, जो इस अभियान की व्यापकता और गंभीरता को दर्शाते हैं। कार्यक्रम में रात्रि लहरी, हरदीप कौर के साथ ही गुरुकुल महिला महाविद्यालय के बच्चों ने अपने मनमोहक फिल्मी गानों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, जिसने उपस्थित सभी लोगों को गहराई से प्रभावित किया। इन प्रस्तुतियों ने मनोरंजन के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भी संचार किया। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल संचालन मिस्टर टारगेट ने किया, जबकि शशिकांत यदु ने डिजिटल स्लाइड शो के माध्यम से ग्रीन आर्मी द्वारा पिछले आठ वर्षों में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने यह भी बताया कि महापौर मीनल चौबे नगर निगम के माध्यम से ग्रीन आर्मी के सभी अभियानों को सक्रिय समर्थन दे रही हैं और रायपुर शहर में स्वच्छता अभियान निरंतर जारी रहेगा। ग्रीन आर्मी का यह स्थापना दिवस समारोह न केवल संस्था के गौरवशाली अतीत का स्मरण कराता है, बल्कि भविष्य के लिए एक मजबूत संकल्प और प्रेरणा का संचार भी करता है। यह आयोजन प्रकृति संरक्षण के प्रति समर्पित सभी लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश और एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान था।

# कर्मचारी संगठन ने महापौर से की मुलाकात, महापौर ने कहा- वसूली को लेकर कोई फैसला नहीं लिया

## महापौर को समस्याओं के संबंध में 6 सूत्रीय मांग से संबंधित सौंपा ज्ञापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने उनसे मिलकर ज्ञापन देने आये रायपुर नगर पालिक निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों राजस्व विभाग सहित सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को बताया कि नगर पालिक निगम रायपुर में राजस्व वसूली ठेका एजेंसी के माध्यम से कराये जाने का रायपुर नगर निगम और महापौर ने कोई निर्णय नहीं लिया है।



इस सम्बन्ध में संघ के पदाधिकारियों को आश्वस्त कर महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने बताया कि उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैँ कि सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को राजस्व वसूली के सम्बन्ध में स्पष्ट निर्देश दिया जाना सुनिश्चित किया जाये. महापौर ने राजस्व विभाग अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग के सहायक राजस्व विभाग के कर्मचारियों को राजस्व वसूली के मूल कार्य को अच्छी तरह करने अन्य कार्यों में ड्यूटी पर ना लगाया जाये।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने संघ के अध्यक्ष प्रमोद राव जाधव सहित उपाध्यक्ष श्रीमती स्वामी साहू, मोहित कुमार, श्याम सोनी, महामंत्री आशुतोष सिंह, राधेश्याम एक्का, महासचिव अंशुल शर्मा जुनियर, सैय्यद जोहेब, सचिव नितिश झा, योगेश कडु सहित सभी पदाधिकारियों राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को मांगों से सम्बंधित ज्ञापन देने पर उन्हें यह आश्वस्त किया। संघ के अध्यक्ष प्रमोद राव जाधव सहित सभी पदाधिकारियों ने महापौर श्रीमती मीनल चौबे से चर्चा के दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 को नगर निगम रायपुर में राजस्व वसूली वर्ष घोषित करने का विनम्र अनुरोध किया है।

महापौर श्रीमती मीनल चौबे को रायपुर नगर पालिक निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के पदाधिकारियों ने नगरीय निकायो में वेतन विसंगती व अन्य समस्याओं के संबंध में 6 सूत्रीय मांग से संबंधित ज्ञापन सौपा है। 2004 के बाद नियुक्त समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू किया जावे। नगरीय निकायों में ठेका पद्धति समाप्त करते हुये प्लॅसमेंट कर्मचारियों को नगरीय निकाय के माध्यम से वेतन भुगतान किया जावे तथा 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले निकाय के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमितिकरण किया जावे।

नगरीय निकायों के कर्मचारियों को 6 वे व 7 वें वेतनमान की एरियर्स की राशि का भुगतान किया जावे। अनुकंम्पा नियुक्ति में काफी समय से सीधी भर्ती नहीं होने से पात्र हितग्राहियों की आयु सीमा 45 वर्ष को शिथिल किया जावे एवं तृतीय श्रेणी में पात्र कर्मचारियो को अनुकंपा नियुक्ति के रिक्त पद पर नियुक्ति प्रदान किया जावे। ठेका में कार्यरत कर्मचारियो को श्रम सम्मान राशि का भुगतान किया जावे। प्रतिनियुक्ति पर संलग्न अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन भुगतान संचालनालय स्तर से किया जावे। अन्य निकाय से आने वाले अधिकारियो, कर्मचारियों को नगर पालिक निगम, रायपुर पर संविलियन पर रोक लगाया जावे। सभी विभाग के साथ विशेष रूप से स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों को रविवार अवकाश प्रदान किया जाये।

# कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया दुबई भ्रमण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलिंगा यूनिवर्सिटी, नया रायपुर, NAAC से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी है और लगातार तीसरे साल NIRF रैंकिंग 2024 में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों में स्थान पाने वाला छत्तीसगढ़ का एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है।

यह मध्य भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में भी उभरा है। विश्वविद्यालय ने समग्र शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण अध्याय की शुरुआत की है, जिसमें एक अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन दुबई में किया गया। वैश्विक शिक्षण का अनुभव देने के उद्देश्य से आयोजित इस पाँच दिवसीय यात्रा में छात्रों और 2 संकाय सदस्यों की टीम ने दुबई के आधुनिकता और संस्कृति के अद्वितीय मिश्रण का अन्वेषण किया। इस पहल ने छात्रों को कक्षा आधारित शिक्षण से परे, उच्च तकनीकी बुनियादी ढांचे, नवाचार और तकनीकी प्रगति का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। उन्होंने नॉलेज पार्क, मरीना नौका क्रूज, दुबई फ्रेम, मिरेकल गार्डन और रोमांचकारी डेजर्ट सफारी का अनुभव लिया।

अंतर्राष्ट्रीय अनुभव प्रदान करने के अलावा, इस यात्रा ने व्यक्तिगत विकास को प्रेरित किया, जिज्ञासा जगाई, तथा प्रतिभागियों के बीच स्थायी बंधन का निर्माण किया। यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण था, जिसने इसके शैक्षणिक सफर में एक अंतरराष्ट्रीय अध्याय की शुरुआत को चिह्नित किया। दुबई यात्रा कालिंगा विश्वविद्यालय के उस वादे का प्रमाण है, जिसमें वह छात्रों को एक वैश्विक भविष्य में सफल होने के लिए रूपांतरकारी और वास्तविक जीवन से जुड़ा शिक्षण अनुभव प्रदान करता है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध रायपुर पुलिस की कार्यवाही जारी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा शहर के राम मंदिर, फुडहर एवं अटल नगर नवा रायपुर में बैरिकेटिंग कर ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वाले 12 नशेड़ी वाहन चालकों के विरूद्ध चलानी कार्यवाही की गई।

बता दे कि शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन में ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालक सबसे बड़ी बाधा है। नशे की हालत में होने के कारण स्वयं तथा दूसरे वाहन चालक के जान के लिए जोखिम भरा होता है। ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के निर्देशानुसार रायपुर पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत विगत तीन माह के भीतर लगभग 300 नशेड़ी वाहन चालकों पर कार्यवाहीं की जा चुकी है जिसके तहत वाहन जप्त कर प्रकरण निराकरण हेतु कोर्ट भेजा गया जहां माननीय न्यायालय द्वारा 10,000-10,000 रुपये का भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है, साथ ही युक्त ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों पर लायसेंस निलबंन की कार्यवाही भी की जा रही है। कारवाही के अनुक्रम में इस शनिवार 19 अप्रैल को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर डॉ प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन में रायपुर पुलिस द्वारा शहर के श्रीराम मंदिर के पास, फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में रात्रि 11 बजे से 02 बजे तक बेरिकेटिंग कर चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें 12 ड्रंक एंड ड्राइव वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई, प्रकरण निराकरण के लिए कोर्ट भेजा गया। सभी वाहन चालको का लाइसेंस भी निलंबन हेतु परिवहन कार्यालय भेजा जायेगा।

# विधायक सुनील सोनी ने मठपुरैना में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का किया शुभारंभ

## केन्द्र के खुलने से आसपास के लोगों को जेनेरिक दवाई सस्ते में उपलब्ध होगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सोमवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन विधायक सुनील सोनी ने फीता काटकर किया। जन औषधि केन्द्र खुलने का समय सुबह 9 बजे से 3 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक रहेगा। इस केंद्र के खुलने से आसपास के लोगों को जेनेरिक दवाई सस्ते में उपलब्ध होगी।

श्री सोनी ने कहा कि मोदी जी का विजन है कि हर शहर के कोने कोने में हर वार्ड में, गांव तक जेनेरिक दवाओं की पहुंच हो ताकि लोगों को सस्ते दर पर दवाइयां उपलब्ध हो सकें। कोई भी मरीज महंगी दवाइयों के कारण उपचार से वंचित न रहें अच्छे स्वास्थ से निरोगी समाज का निर्माण होता है। विधायक सोनी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना में पूरे परिसर का साफ -सफाई, मेडिकल सुविधा, डॉक्टर रूम, नर्सिंग स्टाफ एवं पूरे परिसर का अवलोकन करने के साथ किसी



भी प्रकार की समस्या होने पर उसका जल्दी समाधान करने का आश्वासन दिया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ी संख्या में इलाज के लिए इंतजार करते हुए रोगियों से उन्होंने बात किया और डाक्टर की संख्या बढ़ाने हेतु सीएमओ को निर्देश दिए और सभी प्रकार की दवाइयां लोगों को उपलब्ध हो उस पर ध्यान देने की बात किए। कार्यक्रम के पश्चात सभी अतिथियों को प्रतिक स्वरूप पौधे भेंट किया गया। जन औषधि केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर विशेष रूप से सीएमओ मिथिलेश चौधरी, मेडिकल ऑफिसर डॉ. ज्योतिष टंडन, जोन अध्यक्ष बद्री, पार्षद रमेश सपहा, पूर्व कुलपति प्रो. लक्ष्मी शंकर निगम, जनऔषधि केंद्र की प्रोपराइटर श्रीमती वंदना निगम, जितेन्द्र निगम, अजीत निगम, प्रज्ञा निगम, कृष्ण कुमार निगम, डॉ. शैलजा निगम, बिपिन निगम, नीलिमा निगम, राजेन्द्र कुमार निगम, प्रीति निगम, आशीष, श्रीमती नेहा माथुर, प्राची माथुर के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मठपुरैना के समस्त स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।













# अलाया एफ का बोल्ड वीडियो इंटरनेट पर मचा रहा तहलका



**अलाया एफ का बोल्ड अवतार एक बार फिर इंटरनेट पर छा गया है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो बिकिनी टॉप और बैगी डेनिम्स में नजर आ रही हैं। कैमरे के सामने उनका कॉन्फिडेंस, एटीट्यूड और बोल्डनेस देख फैंस के दिलों की धड़कनें तेज हो गई हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए अलाया ने लिखा, यह वीडियो मेरे ड्राफ्ट में धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर रहा है। लेकिन जैसे ही ये वीडियो लाइव हुआ, फैंस ने कमेंट्स और लाइक्स की बौछार कर दी। किसी ने उन्हें दिल चुराने वाला कहा, तो कोई उनकी हॉटनेस का दीवाना हो गया।**

वीडियो में अलाया एफ का स्टाइल और एक्सप्रेशंस बेहद कातिलाना हैं। उन्होंने इस लुक में अपनी फिटनेस और फैशन सेंस को जबरदस्त अंदाज में फ्लॉन्ट किया है। मनीषी छिल्लर समेत कई सेलेब्स ने इस पोस्ट को लाइक किया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अलाया एफ अपनी परफॉर्मेंस और फैशन चॉइस के चलते लगातार सुर्खियों में बनी रहती हैं। यह वीडियो एक बार फिर साबित करता है कि वो ग्लैमर वर्ल्ड की अगली सेंसेशन बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

अगर आपको ये वीडियो अभी तक नहीं देखा है, तो अलाया के इंस्टाग्राम पर जाकर जरूर देखें –यह वीडियो आपके दिन को और भी हॉट बना देगा।

# आज के युवा पीढ़ी पारंपरिक भारतीय परिधानों को कम महत्व देती है: अविका

**अभिनेत्री अविका गौर का मानना है कि साड़ी या सलवार कमीज जैसे भारतीय परिधानों को पहनना, विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच, बहुत कम महत्व दिया जाता है। अविका ने कहा, मुझे लगता है कि साड़ी या सलवार कमीज जैसे पारंपरिक भारतीय परिधानों को पहनना बहुत कम आंका जाता है, खासकर युवा पीढ़ी के बीच। मुंबई या हैदराबाद जैसे शहरों में, मैं शायद ही युवाओं को हमारी संस्कृति के इस हिस्से को अपनाते हुए देखती हूं।**



साड़ियाँ बहुत खूबसूरत होती हैं, और यह देखना अच्छा लगेगा कि ज़्यादा से ज़्यादा लोग उन्हें कैजुअली पहने हुए हैं – यहाँ तक कि एयरपोर्ट पर भी। थोड़ा सा काजल और बिंदी लगाएँ, और आपका लुक शानदार हो जाएगा। मुझे उम्मीद है कि ज़्यादा से ज़्यादा युवा लोग इसमें खूबसूरती देखना शुरू करेंगे.

बालिका वधू में आनंदी की भूमिका निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री, जिसके लिए उन्हें 2009 में राजीव गांधी पुरस्कार मिला था, फैशन के मामले में कालातीत क्लासिक्स को प्राथमिकता देती हैं।

कारण बताते हुए अविका ने कहा कि क्योंकि वे कालातीत हैं, इसका मतलब है कि उन्हें पीढ़ियों से पसंद किया जाता रहा है। उन्हें चुनने में निश्चितता और सहजता की भावना होती है।

उन्होंने आगे कहा, अक्सर रुझानों को अपनाने के लिए बहुत प्रयास करने पड़ते हैं और गलत होने का जोखिम भी रहता है। लेकिन क्लासिक्स के मामले में कोई झिझक या संदेह नहीं होता – वे बस काम करते हैं। मैं इसी में विश्वास करती हूं।

2007 में अविका ने शश्श्श...कोई है से हिंदी टेलीविजन पर डेब्यू किया था। उन्होंने 2013 में उय्याला जम्पला के साथ टॉलीवुड में अपनी फिल्मी शुरुआत की। बालिका वधू में अपने काम से प्रसिद्धि पाने के बाद, अभिनेत्री को ससुराल सिमर का जैसे शो और 1920: हॉरर्स ऑफ द हार्ट और ब्लडी इश्क जैसी फिल्मों में देखा गया था।

पिछले कुछ सालों में उनकी शैली किस तरह विकसित हुई है? अविका ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, स्क्रीन पर मुझे नहीं लगता कि मेरी कोई भूमिका है। मेरा लुक डिज़ाइनर, स्टाइलिस्ट और निर्देशकों द्वारा तय किया जाता है जो मेरे द्वारा निभाए जाने वाले किरदार की कल्पना करते हैं। इसलिए, आप जो स्टाइल देखते हैं वह किरदार का है, मेरा नहीं। लेकिन ऑफ-स्क्रीन, मैं निश्चित रूप से विकसित हुई हूं। मैंने सीखा है कि आराम को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मैंने अपनी खुद की पसंद को भी अपनाना शुरू कर दिया है – जैसे कि यह जानना कि लाल रंग की ड्रेस मुझे काले रंग की ड्रेस से बेहतर लगेगी। किसी ऐसे आउटफिट को नहीं कहना जो मुझे सही नहीं लगता, ऐसा कुछ है जो मैं पहले कभी नहीं करती थी, और यह एक ऐसा व्यक्तिगत विकास है जिसकी मैं वास्तव में खुद में प्रशंसा करती हूं।

# बोल्ड अवतार में पूल किनारे दिखीं भोजपुरी स्टार मोनालिसा, तस्वीरें देख फैंस हुए दीवाने

भोजपुरी इंडस्ट्री की ग्लैमरस और चर्चित एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने हॉट लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर कुछ बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह पूल किनारे स्टाइलिश बिकिनी आउटफिट में नजर आ रही हैं। सिर पर हैट और चेहरे पर कॉन्फिडेंस, इस अंदाज में मोनालिसा ने अपने फैंस का दिल जीत लिया है। पूल के किनारे जीवन अच्छा है कैप्शन के साथ शेयर की गई इन तस्वीरों में मोनालिसा का अंदाज और आत्मविश्वास काबिल-ए-तारीफ है। फोटो में उन्होंने ए ंजलदृक्र ेि शे ट स्विमवियर का आउटफिट पहना है। उनकी इस तस्वीर पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं और कमेंट सेक्शन में फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं।



एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने भी कमेंट करते हुए लिखा ङ्क हे भगवान वहीं कई फैंस ने उन्हें गॉर्जियस, हॉट, क्वीन जैसे शब्दों से नवाजा। मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी लाइफस्टाइल से जुड़ी झलकियां फैंस के साथ साझा करती हैं। उनका यह पूलसाइड लुक भी लोगों को खूब भा रहा है और यह तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं।

भोजपुरी फिल्मों से लेकर टीवी रियलिटी शोज़ तक, मोनालिसा की फैन फॉलोइंग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। उनके हर लुक और पोस्ट को लेकर फैंस में जबरदस्त क्रेज देखने को मिलता है।

# होली 2026 पर होगा धमाका, रानी मुखर्जी की मर्दानी-3 की रिलीज डेट का एलान



## 27 फरवरी 2026 को दुश्मनों से भिड़ेगी शिवानी रॉय

बॉलीवुड की बबली रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म मर्दानी 3 की रिलीज डेट का एलान कर दिया गया है। रानी के होम प्रोडक्शन यशराज फिल्म्स बैनर तले बनी फिल्म मर्दानी 3 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। बीती 13 दिसंबर 2025 को फिल्म रिलीज ईयर का एलान किया गया था और आज फिल्म की रिलीज डेट सामने आई गई है। इसी के साथ फिल्म से रानी का एक पोस्टर भी सामने आया है। इस पोस्टर में रानी गन ताने खड़ी हैं।

बीते साल दिसंबर में मर्दानी 2 के पांच साल पूरे होने के मौके पर फिल्म मर्दानी 3 के रिलीज ईयर का एलान किया गया था। वहीं, साल 2024 में मर्दानी (पार्ट 1) ने अपने 10 साल पूरे किए थे। फिल्म का पहला भाग 22 अगस्त 2014 में रिलीज हुआ था। मर्दानी रानी की हिट फिल्मों में शुमार हैं। मर्दानी 2 साल 2019 में रिलीज हुई थी। अब मर्दानी 3 होली 2026 के मौके पर 27 फरवरी (2026) को रिलीज होने जा रही है। यानि अगली होली पर रानी की मर्दानी 3 बॉक्स ऑफिस पर बड़ा धमाका करने जा रही है। यशराज फिल्म्स ने अपने पोस्ट में लिखा है, मर्दानी 3 का काउंटडाउन शुरू, शिवानी शिवाजी रॉय होली पर दुश्मनों से लड़ेंगी।

मर्दानी 3 को अभिराज मीनावाला डायरेक्ट और आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में रानी मुखर्जी लीड रोल में हैं। वहीं बाकी की स्टारकास्ट का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

रानी मुखर्जी की दोनों फिल्मों की कहानी बेहतरीन थी। इसके डायरेक्शन से लेकर, रानी मुखर्जी की परफॉर्मेंस और इसके स्टोरी आइडिया तक सबकुछ सराहनीय था। अब फिल्म में आखिर नया क्या है। इस पर रानी ने बात करते हुए बताया था, फिल्म डार्क और ब्रूटल होगी, हम दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे, मर्दानी 3 घातक और क्रूर है, इसलिए, मैं हमारी फिल्म के लिए लोगों का रिस्पॉन्स देखने के लिए बेताब हूं, मुझे उम्मीद है कि वे इस फिल्म को भी उतनी ही सराहना देंगे जितना पहले की दोनों फिल्मों को मिला है।

# शिप्रा गोयल का इंस्टाग्राम पर दिखता है ग्लैमर और फैशन से भरा अवतार

**मशहूर सिंगर शिप्रा गोयल सिर्फ अपनी आवाज के लिए ही नहीं, बल्कि अपने ग्लैमरस अंदाज और फैशनेबल लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं। गोल्डी देसी क्रू के साथ कई हिट गाने देने वाली शिप्रा गोयल सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम पर बेहद एक्टिव रहती हैं।**



वह अपने फैंस को अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की झलकियां देती रहती हैं ।हाल ही में उन्होंने कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस लुक, फैशन सेंस और आत्मविश्वास देखते ही बनता है। कभी स्पार्कली गाउन में तो कभी मॉम डॉटर ट्विनिंग मोमेंट में, शिप्रा हर लुक में गॉर्जियस नजर आती हैं।

उनके इंस्टा प्रोफाइल पर शेयर की गई इन फोटोज में उनका स्टाइल और एटीट्यूड फैंस को खूब पसंद आ रहा है। यही वजह है कि शिप्रा के इंस्टाग्राम पर 1।3 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और यह आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है।

शिप्रा गोयल न सिर्फ एक टैलेंटेड आर्टिस्ट हैं, बल्कि वह यंग जनरेशन के लिए फैशन और फेमिनिन ग्रेस की आइकन बनती जा रही हैं। उनके फोटोज हर बार ये साबित करते हैं कि वह म्यूजिक और स्टाइल दोनों की क्वीन हैं।

# माएरी में गुस्सैल लड़की की भूमिका में नजर आएंगी अपूर्वा, बताया कैसा रहा अनुभव

**अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा शॉर्ट फिल्म 'माएरी' में एक गुस्सैल लड़की की भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म मां-बेटी के रिश्तों के संदर्भ को दिखाती है। अपूर्वा ने बताया कि माएरी में खास क्या है? फिल्म में अपूर्वा के साथ सोनाली सचदेव भी हैं, जो अपूर्वा की मां की भूमिका निभा रही हैं। दोनों ने 'फैमिली आज कल' में के साथ ही पहले भी कई बार स्क्रीन शेयर की हैं। यह उनका तीसरा सहयोग होगा।**



अपूर्वा ने अपनी सह-कलाकार की प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि सचदेव उन्हें वास्तविक जीवन में मां जैसी लगती हैं। प्रोजेक्ट के बारे में अपूर्वा ने बताया, माएरी एक सम्मोहक कहानी है। फिल्म में मेरा किरदार एक गुस्सैल, शरारती लड़की का है, लेकिन जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, आपको समझ में आता है कि वह गुस्सा कहां से आता है। यह पीढ़ियों से चली आ रही भावनात्मक बोझ की झलक है।

उन्होंने आगे बताया, फिल्म की कहानी में दिखेगा कि कैसे हम, बेटियों के रूप में अपनी माताओं द्वारा की गई गलतियों को दोहराने की कोशिश नहीं करते हैं और वे भी चाहती हैं कि हम बेहतर करें। लेकिन अपने तरीके से। यही विरोधाभास कहानी को वास्तविक और मार्मिक बनाती है।

अभिनेत्री ने बताया कि सोनाली के साथ काम करना उनके लिए एक आशीर्वाद की तरह है। उन्होंने कहा, यह हमारा साथ में तीसरा प्रोजेक्ट है, और हर बार जब हम एक मां-बेटी की जोड़ी का किरदार निभाते हैं, तो अलग ही अनुभव होता है। यह कभी भी एक जैसा नहीं होता है और यही बात इसे रचनात्मक रूप से और भी खास बनाती है। अपूर्वा और सोनाली के बीच का रिश्ता हमारे द्वारा निभाए गए किरदारों से बहुत अलग और खास है।

उन्होंने कहा, मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करने, सीन्स पर चर्चा करने और उनके नजरिए से सीखने के लिए वास्तव में आभारी हूं। इसने मुझे एक एक्टर के रूप में आगे बढ़ने में मदद की है।

# बच्चों को गले लगाने से सुधर सकता है उनका भविष्य, अध्ययन में सामने आए कारण

**बचपन में बच्चों के साथ जिस तरह का व्यवहार किया जाता है, आगे चलकर उसी से उनका व्यक्तित्व तय होता है। जो बच्चे प्यार और स्नेह के बीच बड़े होते हैं, वे अधिक खुशमिजाज होते हैं। वहीं, जिन बच्चों के माता-पिता का बर्ताव सख्त होता है, वे चिड़चिड़े और गुस्से वाले बन जाते हैं। अब एक नए अध्ययन के जरिए खुलासा हुआ है कि जिन बच्चों की मां उन्हें बचपन में ज्यादा गले लगाती हैं, वे ज्यादा जिम्मेदार होते हैं।**

## जुड़वा बच्चों पर किया गया यह अध्ययन

इस अध्ययन को यूनाइटेड किंगडम में पूरा किया गया था। इसके लिए शोधकर्ताओं ने 2,232 जुड़वां बच्चों पर प्रयोग किया था। इन बच्चों पर जन्म से लेकर 18 साल की आयु तक नजर रखी गई थी। इसका कारण यह था कि एक जैसे दिखने वाले जुड़वा बच्चों का केवल डीएनए ही नहीं, बल्कि व्यवहार भी समान होता है। उनके बीच फर्क सिर्फ इतना था कि उन्हें अपनी मां से कितना स्नेह मिलता था।

## स्नेह पाकर बड़े हुए बच्चे होते हैं अधिक खुशहाल

शोध से पता चला कि जिन जुड़वा बच्चों को ज्यादा गले लगाया गया, वे बड़े हो कर दयालु, देखभाल करने वाले, व्यवस्थित और विश्वसनीय बने। ऐसे बच्चे जिंदगी में ज्यादा खुश रहते हैं और लोगों से रिश्ते भी बना पाते हैं। स्नेह पाकर बड़े होने वाले बच्चों के रिश्ते मजबूत होते हैं और उन्हें बेहतर नौकरियां भी मिल जाती हैं। इसका कारण है कि वे औरों से बात करना, रिश्ते बनाना और अच्छा व्यवहार करना सीख जाते हैं।



## मां का गले लगाना बच्चों में लाता है ये गुण

इस अध्ययन के लेखक जैस्मीन वर्ट्ज ने कहा, हमारे निष्कर्ष बताते हैं कि बचपन में सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देने से बच्चों के विकास पर महत्वपूर्ण और स्थायी प्रभाव पड़ सकता है।

अध्ययन में पाया गया कि मां के प्रेम से बच्चों में ज्यादा खुलापन, कर्तव्यनिष्ठा और सहमति आती है। खुलापन रचनात्मकता से संबंधित है, कर्तव्यनिष्ठा जिम्मेदारी से संबंधित है और सहमति सहयोग और सहानुभूति से संबंधित है। ये गुण शैक्षिक उपलब्धि और कैरियर की सफलता को प्रभावित करते हैं।

## कुछ लक्षणों में नहीं आया कोई खास बदलाव

शोधकर्ताओं ने अध्ययन के बाद पाया कि मां के स्नेह के जरिए सभी लक्षणों में बदलाव नहीं आते हैं। बचपन में गले लगाने से बच्चों की सामाजिकता या भावनात्मक स्थिरता में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं आया था। इससे पता चलता है कि ये गुण जेनेटिक कारकों द्वारा निर्धारित हो सकते हैं, न की मां और बच्चे के रिश्ते के जरिए। शोधकर्ताओं ने यह भी सुनिश्चित किया कि बच्चों का व्यक्तित्व उनके माता-पिता के उनके साथ व्यवहार को प्रभावित न करे।

# सुशासन तिहार में महिला समूहों को मिली 60-60 हजार की सहायता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। सुशासन तिहार के माध्यम से आम लोगों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण करते हुए बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड के ग्राम तेलसरा की महिला स्व-सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों के लिए सामुदायिक निवेश कोष के तहत 60-60 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इस सहायता से महिला समूह अब बर्तन बैंक, टेंट व्यवसाय और दोना-पत्तल निर्माण जैसी गतिविधियों की शुरुआत करेंगी।**



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना के तहत दी गई इस सहायता से महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। ग्राम तेलसरा की संतोषी माता समूह की अध्यक्ष श्रीमती सीमा सूर्यवंशी ने बताया कि वे इस राशि का उपयोग समूह के टेंट व्यवसाय को आगे बढ़ाने में करेंगी। उन्होंने कहा कि पहले गांव में सार्वजनिक आयोजनों के लिए बर्तन और टेंट की सुविधा नहीं थी, लेकिन अब गांव में यह सुविधा उपलब्ध हो गई है। मिनी माता समूह की अध्यक्ष श्रीमती ममता सूर्यवंशी ने बताया कि समूह द्वारा गांव में बर्तन बैंक की स्थापना की जाएगी ताकि गांव में होने वाले छोटे-बड़े आयोजनों में बर्तनों की आवश्यकता स्थानीय स्तर पर ही पूरी की जा सके। इससे न केवल लोगों को सुविधा होगी बल्कि महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा।

मां लक्ष्मी समूह की अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा बघेल ने कहा कि उनका समूह अब दोना-पत्तल निर्माण कार्य शुरू करेगा, जिससे पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद तैयार कर आजीविका के नए साधन मिलेंगे। वहीं जय मां अंबे समूह की अध्यक्ष श्रीमती एकता यादव ने बताया कि वे समूह की महिलाओं को जोड़ते हुए नई आजीविका गतिविधियों की शुरुआत करेंगी। जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निदान करते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। महिला समूहों की तत्परता और नवाचार की भावना को देखते हुए प्रशासन द्वारा उन्हें हर संभव सहयोग दिया जा रहा है।

महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि बिहान योजना के तहत उन्हें जो सहायता और प्रशिक्षण मिल रहा है, उससे वे आर्थिक रूप से मजबूत होकर सम्मानजनक जीवन जी पा रही हैं। गौरतलब है कि 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित सुशासन तिहार के दौरान जिलेभर में आम जनता से विभिन्न विभागों के लिए आवेदन प्राप्त किए गए थे। बिलासपुर जिला प्रशासन द्वारा आमजनता से मिले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निदान किया जा रहा है।

दंतेवाड़ा में भू-अभिलेखों का डिजिटलाइजेशन

# ई-गवर्नेंस में उत्कृष्ट कार्य के लिए दंतेवाड़ा जिला पीएम अवार्ड के लिए चयनित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** ई-गवर्नेंस को सशक्त बनाने और आमजन को त्वरित सेवा प्रदान करने की दिशा में दंतेवाड़ा जिले ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिले में अब लोगों को अपने भू-अभिलेखों की प्रतियां कुछ ही मिनटों में उपलब्ध हो रही हैं। इस दिशा में जिले द्वारा 1920 से 1991 तक के सभी भू-अभिलेखों का डिजिटलाइजेशन पूर्ण कर लिया गया है।

पूर्व में जहां भू-दस्तावेजों जैसे स्वामित्व अभिलेख, बी-1, फॉर्म ए, प्लॉट रजिस्टर, नामांकन, नक्शा अभिलेख आदि प्राप्त करने में सप्ताहों लग जाते थे, वहीं अब मात्र नाम और खसरा नंबर के आधार पर ये दस्तावेज भू-अभिलेख कार्यालय या किओस्क सेंटरों से कुछ ही क्षणों में प्राप्त किए जा सकते हैं। यह सुविधा विशेष रूप से दूर-दराज के ग्रामीणों के लिए अत्यंत राहतकारी साबित हो रही है। राजस्व विभाग के इस कदम से न केवल दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, बल्कि इससे समय, संसाधनों और ऊर्जा की भी भारी बचत हो रही है। साथ ही डिजिटल प्रणाली की पारदर्शिता के चलते अब भू-अभिलेखों में अनधिकृत फेरबदल की संभावना भी समाप्त हो गई है। ई-गवर्नेंस के तहत इस उत्कृष्ट कार्य के लिए दंतेवाड़ा जिले का चयन प्रधानमंत्री पुरस्कार हेतु किया गया है। गौरतलब है कि बीते दिनों नई दिल्ली से अंडर सेक्रेटरी सन्तोष कुमार और रोहतास मीना के नेतृत्व में एक टीम ने दंतेवाड़ा जिले का दौरा किया था। टीम को कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले में भू-अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी थी।

## खास खबर

### जीआईएस आधारित जल संरक्षण योजना के लिए छत्तीसगढ़ को मिला पुरस्कार

**रायपुर।** जीआईएस आधारित जल संरक्षण योजना के सफल संचालन के लिए छत्तीसगढ़ ने उपलब्धि हासिल की है। 21 अप्रैल को सिविल सर्विस डे के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में आईएएस नम्रता गांधी को प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। उन्होंने धमतरी में कलेक्टर रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान जिले में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर विशेष काम किया था। नम्रता गांधी ने पुरस्कार प्राप्त करने के बाद इसे टीम धमतरी को समर्पित किया है। नम्रता गांधी ने अपने संदेश में कहा कि जल संरक्षण और फसल चक्र परिवर्तन जैसे व्यापक विषयों पर सफलता केवल टीम वर्क से ही संभव है। सभी की भागीदारी से धमतरी में पानी बचाने और इसके प्रति आमजनों को जागरूक करने के लिए जो प्रयास किया गया, यह पुरस्कार उसकी सफलता को स्वयं ही बताता है। नम्रता गांधी ने जिले के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओ, औद्योगिक संस्थानों के साथ-साथ सभी जिलेवासियों को भी इस पुरस्कार के मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है और उन सभी के सकारात्मक सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया है।उल्लेखनीय है कि धमतरी की पूर्व कलेक्टर नम्रता गांधी के कार्यकाल के दौरान धमतरी जिले में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण पर विशेष काम किए गए। जीआईएस आधारित जल संरक्षण अभियान का संचालन किया गया। इसके तहत पानी बचाने के लिए बनाई जाने वाली सभी संरचनाओं की जीआईएस मैपिंग कराई गई। जिले के सभी गांवों में क्लार्ट एप्प के माध्यम से भूमि की आंतरिक संरचना का परीक्षण कर वहां भूजल स्तर बढ़ाने में उपयोगी जल संरचनाएं बनवाई गईं। पानी बचाने के इस अभियान में जल शक्ति मंत्रालय के विशेषज्ञों की भी मदद ली गई।जिले के सभी बड़े भवनों, निजी स्कूलों, अस्पतालों, रेस्टोरेंटों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और रूफ टॉप स्ट्रक्चर बनाना अनिवार्य किया गया। पानी की समस्या से जूझने वाले गांवों में जरूरी बैठकें कर जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया गया, उन्हें रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रूफटॉप स्ट्रक्चर, बेस्ट वाटर मैनेजमेंट की तकनीकों की जानकारी दी गई। इस अभियान में जनजागरूकता के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों, निजी संस्थान संचालकों की कार्यशालाएं आयोजित की गईं। रैलियों, प्रभात फेरियों, दीवार लेखन-नुक्कड़ नाटकों के साथ-साथ आधुनिक प्रचार-प्रसार के तरीकों एनीमेटेड वीडियो-ऑडियो आदि के माध्यम से लोगों में जल संरक्षण की अलख जगाई गई। इस काम में स्वयं सेवी संस्थाओं की भी मदद ली गई।ग्राम पंचायतों में फसल चक्र परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाई गई। स्थानीय स्तर पर पेड़ लगाने, पेड़ों पर रक्षासूत्र बांधने, शादी-ब्याह और उत्सवों में बहू-बेटियां को उपहार में पौधे देने जैसे सफल प्रयोग किए गए। इस अभियान की सफलता में तत्कालीन कलेक्टर नम्रता गांधी के नेतृत्व में शहरी और ग्रामीण सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### महतारी वंदन योजना से महिलाओं की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हुई आसान

**कोरबा।** महिलाओं को वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को 1000 रुपए की आर्थिक मदद हर महीने सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त होता है। जिससे महिलाएं स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ रही है। कोरबा विकासखण्ड के बोड़ानाला की रहने वाली श्रीमती शनिरो मंझवार ने योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। योजना से मिलने वाली राशि जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनी है। उन्होंने कहा कि योजना से प्रतिमाह खाते मे 1000 रुपए मिलने से महिलाओं को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में आसानी होती है। हितग्राही ने कहा कि पिछले साल योजना शुरू होने के साथ ही उन्हें हर माह समय पर राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे अपने एवं अपने दैनिक आवश्यताओं एवं परिवार की जरूरतों को पूरा करने में करती है। उन्होंने कहा कि हर माह खाते में राशि जमा होने से महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे वे अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन आसानी से कर पा रही है। उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए उपयोगी एवं लाभप्रद बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# जेईई मेंस 2025 में प्रयास के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** जेईई मेंस 2025 के घोषित परिणामों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष जेईई मेंस परीक्षा में बैठे प्रयास आवासीय विद्यालय के कुल 371 बच्चों में से 122 ने क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से उनके परिवार के साथ-साथ उनके गांव एवं समाज में हर्ष का माहौल है।

विदित हो मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु सक्षम बनाकर व्यावसायिक उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश कराकर उन्हें जीवन में स्थिरता प्रदान करना है। वर्तमान में राज्य में कुल 15 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जबकि वर्ष 2025-26 में राजनादंगावं एवं बलरामपुर में एक-एक नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनके प्रारंभ होने से राज्य में प्रयास विद्यालयों की संख्या बढ़कर 17 हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि अब तक प्रयास आवासीय विद्यालय के 122 विद्यार्थी आईआईटी एवं समकक्ष में, 356 विद्यार्थी एनआईटी एवं समकक्ष में, 960 समकक्ष में एवं 70 एमबीबीएस हेतु चयनित हो चुके हैं।

इस वर्ष जेईई मेंस के घोषित परिणामों में प्रयास, बालक आवासीय विद्यालय, रायपुर का परीक्षा परिणाम सबसे अच्छा रहा है इसके जेईई एडवासं परीक्षा में बैठे कुल 153 बच्चों में से 69 ने मेंस क्वालीफाई किया है। इनकी सफलता का प्रतिशत लगभग 45 प्रतिशत रहा है, जो कि राष्ट्रीय स्तर की इतनी कठिन परीक्षा के हिसाब से उत्कृष्ट कहा जा सकता है। इसी प्रकार प्रयास आवासीय विद्यालय, अंबिकापुर के परीक्षा में बैठे 44 में से 16 बच्चों ने जेईई मेंस क्वालीफाई किया है। प्रयास, दुर्ग के परीक्षा में बैठे 46 में से 12 बच्चे, प्रयास, कांकेर के परीक्षा में बैठे 23 में से 08 बच्चे, जबकि प्रयास, जशपुर के परीक्षा में बैठे 38 में से 09 बच्चों ने तथा प्रयास, कोरबा के परीक्षा में बैठे 30 बच्चों में से 01 ने जेईई मेंस क्वालीफाई किया है।

इसी प्रकार प्रयास, जगदलपुर के परीक्षा में बैठे 37 बच्चों में से 07 ने जेईई मेंस क्वालीफाई किया है। प्रदेश के सुदूर नक्सल प्रभावित अंचल के बच्चों का राष्ट्रीय स्तर की इस कठिन परीक्षा में सफल होना विभाग के साथ-साथ राज्य के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्रकार इस वर्ष कुल मिलाकर 122 विद्यार्थियों का आईआईटी एवं आईआईटी प्रिपरेटरी में चयन होने की संभावना है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर माननीय विभागीय मंत्री श्री रामविचार नेताम, प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा एवं आयुक्त डॉ. सारांश मित्तर ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## व्यापमं की परीक्षाओं में दिव्यांगजन ले सकेंगे सहलेखक की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रवेश पात्रता और भर्ती परीक्षाएं जिनका ऑनलाइन आवेदन 1 मार्च से लिया गया है, उन परीक्षाओं में अब दिव्यांगजनों को सह-लेखक की सुविधा दिया जाएगा। इस संबंध में अनुमति के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। व्यापम के परीक्षा संचालन निर्देशिका के प्रावधान अनुसार दृष्टिबाधित, दोनों हाथ से दिव्यांग (बीए) एवं सेलिब्रल पाल्सी की श्रेणी के परीक्षार्थियों या अन्य श्रेणी के संदर्भित दिव्यांगजन जिन्हें शारीरिक एवं मानसिक अक्षमता के कारण लिखने में शारीरिक बाधा कठिनाई हो, उन्हें मांग करने पर सहलेखक की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

परीक्षार्थी को परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन करते समय, वह स्वयं सहलेखक लाएगा। परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष से सहलेखक की सुविधा चाहता है, में से किसी एक विकल्प को चुनना होगा।

परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन में इस प्रकार सहलेखक का विकल्प चुनने पर ही सहलेखक की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस प्रकार के परीक्षार्थियों को प्रति घंटा के लिए 20 मिनट का प्रतिपूरक समय प्रदान किया जाएगा।

# खादी और ग्रामोद्योग को मिलेगा नया आयाम

## राकेश पांडेय ने संभाला छत्तीसगढ़ खादी बोर्ड अध्यक्ष का पद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश पांडेय ने 21 अप्रैल को कंकाली पारा स्थित गांधी भवन में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने बोर्ड की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।



बैठक में श्री पांडेय ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप खादी एवं ग्रामोद्योग को जन-जन तक पहुँचाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि खादी वस्त्रों का प्रचार-प्रसार ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से तेजी से किया जाए ताकि लोगों में खादी के प्रति आकर्षण बढ़े और वे अपनी पुरानी संस्कृति से फिर से जुड़ सकें।

श्री पांडेय ने कहा कि खादी का नाम लेते ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का स्मरण होता है। गांधीजी ने खादी को अपनाकर और चरखा चलाकर आत्मनिर्भरता का संदेश दिया था। यह भाव आज भी प्रासंगिक है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'लोकल फॉर वोकल' अभियान से मेल खाता है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित किए जाएंगे, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और सभी वर्गों को लाभ मिल सकेगा।

डिजिटलीकरण और नवाचार पर जोर देते हुए श्री पांडेय ने खादी बोर्ड की वेबसाइट को और अधिक आकर्षक और उपयोगी बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्य के प्रति संवेदनशील और अनुशासित बने रहने की बात कही, जिससे निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त किया जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि खादी बोर्ड का भवन ऐतिहासिक महत्व रखता है, जहाँ महात्मा गांधी दो बार पधारे थे। इस पवित्र स्थल की गरिमा बनाए रखते हुए, गांधीजी के खादी और ग्रामोद्योग के सपनों को साकार करने के लिए हम एक परिवार की तरह मिलकर कार्य करेंगे।

# महाराजा चौक से पुलगांव तक सड़क चौड़ीकरण, विधायक यादव ने किया इंजिनियरिंग टीम के साथ स्थल का निरिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** महाराजा चौक से पुलगांव चौक तक सड़क चौड़ीकरण होगा और दो जगह ब्रिज निर्माण किया जायेगा। ट्रैफिक को नियंत्रण कर आवागमन को बेहतर बनाने विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयास से शासन से स्वीकृत निर्माण कार्य प्रारंभ करने के पूर्व स्थल निरिक्षण किया गया। इस दौरान क्षेत्र सभी जनप्रतिनिधि, कार्यकर्त्ता और नागरिक उपस्थित रहे जिनके समक्ष पीडब्लूडी के इंजिनियरो ने सड़क नापकर 135 मीटर लंबा पुल और 900 मीटर लंबाई वाले ब्रिज निर्माण संबंधित तकनीकी जानकारी दिए।

दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में आवागमन को बेहतर बनाने विधायक गजेन्द्र यादव निरंतर प्रयासरत है। वार्डों में भीतरी गलियों के सीमेंटीकरण के साथ ही प्रमुख सड़क का चौड़ीकरण पर काम किया जा रहा है। जेल तिराहा से महाराजा चौक, महाराजा चौक से पुलगांव चौक और महाराजा चौक से बोरसी तक सड़क चौड़ीकरण किया जाना है। पहले चरण के कार्य को प्रारंभ करने विधायक गजेन्द्र यादव, पीडब्लूडी एवं सेतु के एसडीओ और इंजिनियर की टीम ने पुलगांव नाला के नये पुल, पोटिया चौक पर ब्रिज निर्माण और महाराजा चौक पर ब्रिज निर्माण हेतु वर्तमान सड़क की चौड़ाई और प्रस्तावित सड़क कितना मीटर तक रहेगा इसका नापजोख कर प्रभावित होने वाले स्थल की जानकारी दी गई, ताकी सभी अड़चनो को दूर किया जा सके। निर्माण से संबंधित अतिक्रमण, मुआवजा सहित सभी पहलुओं पर चर्चा कर शीघ्र ही ले आउट तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजने निर्देश दिए।

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की महाराजा चौक से पुलगांव चौक तक सड़क चौड़ीकरण एवं ब्रिज निर्माण किया जाना है। जनता के मांग अनुरूप शासन से स्वीकृत कार्य को लेकर विभागीय अधिकारियों एवं इंजीनियरो के साथ स्थल निरीक्षण किया। शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित कर आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से पुलगांव नाला, पोटिया चौक और महाराजा चौक का निरीक्षण कर आकलन किया और सभी संभावित पहलुओं पर चर्चा कर कार्य का इस्टीमेट तैयार करने हेतु निर्देश दिए।

## सुशासन तिहार से प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द करें निराकरण- कलेक्टर

**जशपुर।** जिला कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा साप्ताहिक समय सीमा बैठक का आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार के तहत सभी विभागों को प्राप्त आवेदनों पर जल्द से जल्द कार्यवाही हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण रूप से निराकरण करें ताकि लोगों को सुशासन तिहार का लाभ प्राप्त हो। उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर आवेदनवार चर्चा करते हुए सभी का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### कोर्ट परिसर में भिड़े देवरानी-जेठानी

**रायगढ़।** कोर्ट परिसर में देवरानी-जेठानी आपस में भिड़ गई। दोनों बच्ची को अपने साथ ले जाने के लिए खींचने लगी। न्यायालय के आदेश के बाद बच्ची को उसकी मां (देवरानी) से मिलाने लाया गया था। लेकिन बच्ची को उसकी मां जबरन अपने साथ ले जाने लगी। जेठानी ने रोका तो देवरानी ने मारपीट कर शुरू कर दी। हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक ग्राम विश्वनाथ पाली निवासी सुबोध प्रधान पारिवारिक विवाद के कारण पत्नी सावित्री प्रधान से 4 साल से अलग रह रहा है। दोनों के तलाक का प्रकरण करीब एक साल से कुटुम्ब न्यायालय में चल रहा है।

सुबोध की बेटी की उम्र 10 साल है। वह अपने पिता के पास ही रहती है और न्यायालय के आदेश पर उसका पालन पोषण पिता सुबोध प्रधान कर रहा है। न्यायालय के आदेश पर सोमवार को उसकी मां सावित्री प्रधान से न्यायालय में मिलाना था। जहां सुबोध प्रधान, उसकी भाभी सरस्वती प्रधान और बड़ा भाई सुदामा प्रधान के साथ बच्ची को लेकर सावित्री प्रधान से मिलाने के लिए न्यायालय पहुंचे थे। इस संबंध में वकील राजीव कालिया ने बताया कि मामला कुटुम्ब न्यायालय में चल रहा है। बच्ची को मिलाने के लिए लाया गया था। तभी एकाएक उसकी मां उग्र हो गई और बच्ची को जबरन ले जाना चाहती थी। जबकि बच्ची मां के पास नहीं रहना चाहती। उसने बच्ची की बड़ी मां के साथ मारपीट भी की। मामले में पीड़ित पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### परीक्षा परिणामः प्रतिशत कम आने से छात्रा ने कर ली खुदकुशी



**कोरबा।** परीक्षा में कम प्रतिशत आने से दुखी 9वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की लाश घर के कमरे में लटकी मिली। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुराहाल हो गया है। पूरा मामला कोरबा जिले के बालको नगर क्षेत्र का है। 14 वर्षीय छात्रा जानवी राजपूत ने 9वीं में 78 प्रतिशत लाई है। उन्होंने इससे अधिक परसेंट आने की अपेक्षा रखी थी। कम प्रतिशत आने पर जानवी ने सुसाइड कर ली। बताया जा रहा कि पिता ने बेटी को हौसला देने नए कपड़े और मिठाई भी बांटे थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच कर रही।

# वाट्सएप वीडियो कॉल पर अश्लील क्लिप रिकार्ड कर किया वायरल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की एक युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किए जाने का मामला सामने आया है। मेट्रोमैनी साइट के जरिए पहले दोस्ती और उसके बाद आपस में बातचीत हुई। विश्वास में लेने के बाद एक दिन युवक ने वाट्सएप वीडियो कॉल पर युवती को न्यूड होने कहा। युवती ने यहां गलती कर दी। युवक ने क्लिप रिकार्ड कर लिया। गलती का अहसास होने पर युवती ने युवक से दोस्ती तोड़ दी उसने वीडियो वायरल कर दिया। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने संजीदगी से मामले की जांच की और आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 509(ख) व 67(ए) आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया। मामला कुनकुरी थाना क्षेत्र का है।

मामले 17 जनवरी 25 को थाना कुनकुरी में प्रार्थीया ने शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसके द्वारा वर्ष 2023 में मेट्रोमैनी साइट शादी डॉट कॉम पर शादी के लिए अपना बायोडाटा अपलोड किया था। कुछ दिनों बाद रोहित प्रसाद नाम के युवक ने मोबाइल फोन के माध्यम से रिक्वेस्ट भेजा। प्रार्थिया ने रिक्वेस्ट स्वीकार कर लिया। इसके बाद पीडिता ने मोबाइल नंबर साझा कर लिया। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। इस बीच 21.12.23 को रोहित प्रसाद ने युवती को वीडियो कॉल किया। इस दौरान उसने युवती को अपनी बातों में फंसाया और न्यूड होने के लिए मना लिया। रोहित प्रसाद ने इसका फायदा उठाया और क्लिप रिकार्ड कर ली। पीड़िता को गलती का अहसास होने पर, वह रोहित प्रसाद से बातचीत करना बंद कर दिया। रोहित प्रसाद के द्वारा अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किए गए पीड़िता का प्राइवेट वीडियो को सोशल मीडिया में अपलोड कर वायरल कर दिया गया। रिपोर्ट पर थाना कुनकुरी में आरोपी रोहित प्रसाद के विरुद्ध भा. द. वि. की धारा 509(ख) व 67(ए) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया।

चूंकि मामला अत्यंत संवेदनशील था अतः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर के नेतृत्व व दिशा निर्देश में थाना कुनकुरी से पुलिस टीम आरोपी की पतासाजी में लगी हुई थी, पीड़िता से प्राप्त आरोपी के मोबाइल नंबर को पुलिस की साइबर टीम के द्वारा लगातार सर्विलांस में रखा जा रहा था, कि आरोपी रोहित प्रसाद का लोकेशन सागरपुर दिल्ली में मिलने पर, तत्काल पुलिस टीम दिल्ली रवाना होकर सागरपुर से आरोपी रोहित प्रसाद को हिरासत में लेकर वापस ले आई। पुलिस के द्वारा आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन को जप्त कर लिया गया है। मामले के आरोपी रोहित प्रसाद उम्र 27 वर्ष निवासी सबरी मठ (सावरी बक्सी जी) थाना जलालपुर, जिला सारन (बिहार) के द्वारा अपराध स्वीकार करने व प्रयाप्त अपराध सबूत पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया ।

मामले की विवेचना व आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश यादव, साइबर सेल से उप निरीक्षक, थाना कुनकुरी से सहायक उप निरीक्षक ईश्वर वारले, आरक्षक चंद्रशेखर बंजारे व नंदलाल यादव की सराहनीय भूमिका रही है। एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस महिला संबंधी अपराधों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, आरोपी रोहित प्रसाद को दिल्ली से हिरासत में लेकर लाया गया है, महिला संबंधी अपराधों में लिप्त किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### आरोपी को दिल्ली से ढूंढ लाई पुलिस




### वाहन की चपेट में आई महिला, पैर कटकर हुआ अलग, इलाज के दौरान मौत



**भिलाई।** खुर्सीपार आईटीआई के सामने सड़क पार कर रही महिला को भारी वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। महिला के पैर के ऊपर से वाहन गुजरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के कारण महिला के पैर अलग होकर लटक रहा था। तत्काल उसे शास्त्री अस्पताल सुपेला ले जाया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मामला खुर्सीपार थाना क्षेत्र का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान भानुप्रिया साहू (32) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भानुप्रिया साहू राजनांदगांव के तुमड़ीमोड क्षेत्र की रहने वाली थी। भिलाई में उसका मायका है। वह कुछ दिन पहले की अपने बच्चों को लेकर भिलाई पहुंची थी। मंगलवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे वह आईटीआई के सामने सड़क क्रास कर रही थी। इस दौरान भारी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। भारी वाहन का चक्के महिला के पैरे से गुजरे जिससे उसका एक पैर अलग हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। आनन फानन में डायल 112 को कॉल किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायल महिला को सुपेला शास्त्री अस्पताल भेजा गया। सुपेला अस्पताल में महिला का इलाज शुरू किया गया। महिला का एक पैर कटकर लटक गया था। इलाज के दौरान भानुप्रिया की मौत हो गई। इस मामले में खुर्सीपार पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। भारी वाहन की तलाश की जा रही है।

# रायपुर जिला आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई डुप्लीकेट होलोग्राम सहित अन्य सामग्री जब्त की

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** रायपुर जिला आबकारी विभाग ने नकली शराब निर्माण और वितरण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में डुप्लीकेट होलोग्राम एवं अन्य सामग्री जब्त की है। यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त आर. शंगीता, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम (CSMCL) श्याम धावड़े तथा कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर, उपायुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई। टीम द्वारा टाटीबंध-सिलतरा बायपास स्थित ग्राम तेंदुआ के पास बी.एच. ढाबा, थाना आमानाका, जिला रायपुर में आबकारी विभाग द्वारा छापेमारी की गई। इस दौरान ढाबा संचालक संकट मोचन सिंह उर्फ शंकर बिहारी के पास से बड़ी मात्रा में अवैध सामग्री जब्त की गई।

जिसमें वेलकम डिस्टिलरी प्रा. लि. बिलासपुर अंकित मसाला मदिरा पाव के 105 ढक्कन, छत्तीसगढ़ डिस्टिलरी लि. कुम्हारी अंकित गोवा मदिरा पाव के 3 ढक्कन, 165 स्पंज वाइसर, 1150 नग शोले मसाला देशी मदिरा के स्टीकर एवं 35 होलोग्राम शीट में कुल 1460 डुप्लीकेट पॉली होलोग्राम शामिल थे। पूछताछ के आधार पर आरोपी की निशानदेही पर गणेश प्रिंटर्स, लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, बिरगांव, थाना उरला, रायपुर में भी दबिश दी गई। वहां से संचालक गणेश चौरसिया के अधिपत्य से 371 होलोग्राम शीट में कुल 40068 डुप्लीकेट कागज होलोग्राम बरामद किए गए, जो देशी मदिरा प्लेन में प्रयुक्त किए जाने वाले थे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए दोनों ही मामलों में थाना आमानाका, जिला रायपुर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अल्ताफ खान, आबकारी अधिकारी टेकबहादुर कुर्रे, रविशंकर पैकरा, जेबा खान, आबकारी उपनिरीक्षक प्रकाश देशमुख, कौशल सोनी एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# सुशासन तिहारः चखना सेंटर पर लगाया जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** सुशासन तिहार 2025 के तहत रायपुर नगर पालिक निगम को आम जनता से प्राप्त सभी आवेदनों का महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार गुणवत्तायुक्त त्वरित समाधान किये जाने की कार्यवाही सभी जोनों द्वारा प्रतिदिन निरन्तर की जा रही है।

सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 1 के स्वास्थ्य विभाग और नगर निवेश विभाग को आवेदन करते ही सम्बंधित नगर निगम जोन 1 के स्वास्थ्य विभाग और नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा तत्काल नगर निगम जोन 1 के तहत आने वाले संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के तहत गोगांव में संचालित चखना सेंटर पर स्थल में पहुंचकर गन्दगी और अतिक्रमण से सम्बंधित शिकायत सही मिली। नगर निगम जोन 1 जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, संत कबीर दास वार्ड पार्षद डॉ. मनमोहन मनहरे, जोन 1 जोन कमिश्नर प्रीति सिंह के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा, गजाराम कंवर, सहायक अभियंता शरद देशमुख, उप अभियंता सागर ठाकुर, मोहम्मद इम्तियाज अहमद, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन की उपस्थिति में अतिक्रमण कर लगाया गया अवैध ठेला तत्काल हटाने और गन्दगी और अतिक्रमण को लेकर कुल 32800 रूपये का जुर्माना किये जाने की कार्यवाही करते हुए सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत प्राप्त आवेदन का जोन स्तर पर त्वरित समाधान किया।

### ब्यूटी पार्लर वाली महिला गिरफ्तार, बैंक खाते में 5 करोड़ की अवैध लेनदेन

**भिलाई।** वैशाली नगर पुलिस को म्युल एकाउंट खाताधारक को पकड़ने में सफलता मिली है। आरोपी महिला के खाते में साइबर फ्रॉड की 5 करोड़ रुपए आए थे, जिसे उसने किसी कॉर्पोरेट अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। मामले की जानकारी होने पर बैंक प्रबंधन की ओर शिकायत दर्ज कराई गई थी। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि केनरा बैंक के ब्रांच मैनेजर परमाल सिंह सिंगोदिया ने पुलिस को बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि उनकी वैशाली नगर ब्रांच में लगभग 111 खाते हैं, जिसमें साइबर व अन्य फ्रॉड की रकम आई है। इसके चलते खातों में 22 लाख 5 हजार 173.53 रुपए होल्ड किया गया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। महिला ने बताया कि उसकी एवनी ब्रेसिंग ब्यूटी पार्लर के नाम से शॉप है। उसने केनरा बैंक में करंट अकांउट खुलवाया था। इस बीच उसके खाते में फरवरी में 5 करोड़ रुपए दिल्ली से ट्रांसफर हुआ। अपने नाम से जारी म्युल खाता में क्रेडिट कराकर ट्रांसफर कर दिया। प्रकरण में एचआईजी-1 2199 हाउसिंग बोर्ड निवासी उमा शर्मा पति संजीव शर्मा (43 वर्ष) को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

# नशे में दौड़ाई बाइक, अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, एक की मौत व एक घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जीपीएम।** गौरेला पेंड्रा मरवाही में दो बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर खेत में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जिसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पूरा मामला मरवाही थानाक्षेत्र के अंतर्गत पीपरडोल ग्राम पंचायत का है। जहां पर बीती रात तकरीबन दो बजे रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने आए रोनू मरकाम 25 वर्ष और रोहित मराबी 20 वर्ष निवासी बरवासन ग्राम अपने स्पोर्ट्स बाइक पर सवार होकर पीपर डोल पहुंचे थे। फिर ये शराब के नशे में मस्त होकर मरवाही चले गए और वापसी में मरवाही से पीपरडोल जाने के दौरान तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक होने के कारण और शराब के नशे में गाड़ी चला रहे रोनू ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया। जिससे बाइक पेड़ टकरा कर खेत में जा घुसी। हादसे में रोनू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साथ में मौजूद रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे 108 ,और 112 की टीम ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### 2 पर्यटकों वाटरफॉल से गिरे, हुई मौत

**बस्तर।** जिले के फेमस टूरिस्ट स्पॉट मेंद्रीघूमर वाटरफॉल से नीचे खाई में 2 पर्यटक गिर गए हैं। लगभग 100 फीट से नीचे गिरने पर दोनों की मौत हो गई है। ये सुसाइड है या फिर कोई हादसा फिलहाल अभी यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र का है।

# समोसा ठेले पर नशेड़ियों ने संचालक व उसके भाई पर उड़ेला गर्म तेल

## पैसों को लेकर हुआ था विवाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र के तहत बैकुंठधाम कैंप-1 में मंगलवार की शाम को दो नशेड़ियों ने जमकर उत्पात मचाया। नशे में धुत दोनों यहां एक समोसे के ठेले पर पहुंचे। दोनों ने समोसा खाया और पैसे नहीं दिए। नशे में होने के कारण दुकानदार ने भी जाने कहा। इसके बाद भी दोनों ने गाली गलौच शुरू कर दी। ठेला चलाने वाले युवक ने अपने भाई को बुलाया फिर भी दोनों नहीं रुके। विवाद बढ़ा तो नशेड़ी युवकों ने गर्म तेल दोनों भाइयों पर उड़ेल दिया और मौके से फरार हो गए।




बताया जा रहा है कि घटना के बाद भीड़ ने एक युवक की बेदम पिटाई की जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं तेल से झुलसे दोनों भाइयों में एक को बीएम शाह व एक को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार कैंप-2 निवासी दीपक बैकुंठधाम के पास समोसा का ठेला लगाता है। मंगलवार की शाम लगभग 5:30 से 6 बजे के बीच दो युवक पहुंचे ओर समोसा लिया। जब दीपक ने पैसे मांगे तो दोनों ने पैसे नहीं होने की बात की। इस पर दीपक ने कह दिया ठीक है चले जाओ। इसके बाद भी वे गए नहीं बल्कि उल्टा दीपक को गाली देने लगे। दीपक ने अपने भाई प्रकाश को फोन कर बुलाया। इसके बाद भी वे रुके नहीं और गाली गलौच करते रहे। कुछ देर में विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते नशेड़ी युवकों ने कढ़ाई में भरे गर्म तेल को दीपक व प्रकाश पर उड़ेल दिया। गर्म तेल उड़ेलने से दोनों भाई झुलस गए। दोनों को आसपास के लोगों ने बैकुंठधाम सामुदायिक चिकित्सालय ले गए। वहां से प्रकाश को बीएम शाह और दीपक को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया।

### भीड़ के हत्थे चढ़ा एक नशेड़ी

इधर घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों नशेड़ियों में से एक को पकड़ लिया। एक नशेड़ी भागने में कामयाब हो गया। लोगों ने नशेड़ी को जमकर पीटा। बताया जा रहा है कि लोगों की पिटाई से नशेड़ी बुरी तरह से घायल हो गया है जिसे लाल बहादुर शास् अस्पताल ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। भीड़ ने जिसे पीटा वह घटना क्रम में शामिल था या नहीं इसकी पुष्टि पुलिस ने नहीं की है। तेल से झुलसे प्रकाश की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 16.04.2025

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

(प्रथम आमंत्रण)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 06.05.2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
| --- | --- | --- |
| 08/दुर्ग (दुर्ग.)/2025 | उपसंभाग क्र. 02 दुर्ग के अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्गो, मुख्य जिला मार्ग एवं गामीण मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 09/दुर्ग (दुर्ग.)/2025 | जिला न्यायालय दुर्ग के पुराने भदन का मरम्मत एवं नवीवीकरण कार्य | 48.54 |
| 10/दुर्ग (दुर्ग.)/2025 | उपसंभाग क्र. 01 दुर्ग अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय में विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू, एवं वार्षिक मरम्मत कार्य | 50.00 |
| 11/दुर्ग (दुर्ग.)/2025 | उपसंभाग क्र. 01 दुर्ग अंतर्गत विभिन्न मार्गों में बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 50.00 |
| 12/ दुर्ग (राजनांदगांव) /2025 | शासकीय अंवतीबाई लोधी महाविद्यालय घुमका, जिला राजनांदगांव में गर्ल्स टायलेट एवं कॉमन रूम का निर्माण कार्य | 29.26 |
| 13/दुर्ग (मो. मान. अं चौकी) / 2025 | उपसंभाग अं. चौकी के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों वार्षिक मरम्मत / संधारण मरम्मत कार्य | 20.00 |
| 14/दुर्ग (मो.-मान. अं चौकी) / 2025 | लोक निर्माण विभाग संभाग मोहला-मानपुर-अ. चौकी के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर कार्य | 80.00 |
| 15/ दुर्ग (मो.-मान. अं चौकी) / 2025 | लोक निर्माण विभाग संभाग मोहला-मानपुर-अ. चौकी के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो जमा कार्य | 60.00 |
| 16/दुर्ग (मो.-मान. अं चौकी) / 2025 | उपसंभाग अं. चौकी के अंतर्गत विभिन्न गैर आवासीय भवनों रंग-रोगन एवं पेंटिंग कार्य | 50.00 |
| 17/दुर्ग (मो.-मान. अं चौकी) / 2025 | लोक निर्माण विभाग संभाग मोहला-मानपुर-अ. चौकी के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों एम.ओ.डब्ल्यू कार्य | 40.00 |

टीपः-
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-252600409/7

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष - 0788-2210876












# सीएम साय का निर्देश: गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलिया व भवनों के निर्माण पूरा करें

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को तेजी से कार्य करते हुए अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों के काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर तेज और सुरक्षित यातायात पर जोर दिया। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों के त्वरित चिन्हांकन व मरम्मत के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरूण साव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैठक में सड़कों और पुल-पुलियों के काम आगामी पांच साल की कार्ययोजना को ध्यान में रखते हुए त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों और वृहद पुलों के कार्यों को भू-अर्जन के बाद डेढ़-दो वर्षों में अनिवार्यत: पूर्ण करने को कहा। उन्होंने शहरों के नजदीक बनने वाले बाइपास और रिंगरोड में पर्याप्त संख्या में ओव्हरब्रिजों और अण्डरब्रिजों का निर्माण करते हुए इन्हें एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए। इससे यातायात तेज और सुरक्षित होगा।

मुख्यमंत्री साय ने भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर को विशाखापट्नम से जोड़ने बन रहे एक्सप्रेस-वे से रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने अच्छी गुणवत्ता के कनेक्टिंग-रोड्स बनाने के निर्देश दिए, ताकि इस एक्सप्रेस-वे का अधिक से अधिक लाभ राज्य के लोगों को मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बड़ी एवं महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए एक-एक डेडीकेटेड (Dedicated) वरिष्ठ अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने एनएचएआई (NHAI) के साथ बेहतर समन्वय बनाकर काम करने को कहा।

उन्होंने आगामी तीन वर्षों में 30 हजार करोड़ रूपए के सड़क विकास के कार्यों को पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ काम करने को कहा। उन्होंने नए बजट में प्रावधानित कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए शीघ्र ही उनके इस्टीमेट (Estimate), डीपीआर और टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण करते हुए कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। साय ने पुल-पुलियों के रखरखाव एवं मरम्मत की प्रभावी व्यवस्था बनाने को भी कहा। उन्होंने इसके लिए आवश्यक प्रोटोकाल तैयार कर कड़ाई से अमल करने को कहा। उन्होंने एआई और नवीन तकनीकों के उपयोग से खराब सड़कों की तुरंत पहचान के लिए सिस्टम तैयार करने को कहा। इससे सड़कों के संधारण एवं त्वरित मरम्मत में मदद मिलेगी। उन्होंने खदान क्षेत्रों में सड़कों के मजबूतीकरण पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री साय ने बस्तर में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने वहां निर्माणाधीन सड़कों और पुल-पुलियों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। नई सड़कों और पुलों के निर्माण से सुदूर वनांचलों के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को वर्तमान समय की जरूरतों और लाइफस्टाइल के अनुरूप सर्किट हाउसों और विश्राम गृहों को अपग्रेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने इनके अच्छे रखरखाव के साथ ही साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने को कहा।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि नया रायपुर में निर्माणाधीन विधानसभा के नए भवन का 95 प्रतिशत सिविल एवं विद्युत यांत्रिकी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नए राजभवन का भी 60 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सड़क सुरक्षा के कार्यों के लिए 106 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने आगामी पांच-छह महीनों में ब्लैक-स्पॉट और जंक्शन सुधार के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत और मुकेश बंसल, लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता वीके भतपहरी और संयुक्त सचिव एसएन श्रीवास्तव सहित सभी मुख्य अभियंता भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने इन कार्यों की समीक्षा की

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में प्रगतिरत राष्ट्रीय राजमार्गों, एनएचएआई द्वारा किए जा रहे कार्यों, निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियों एवं भवनों की प्रगति, खेल विभाग के अधोसंरचना निर्माण कार्यों तथा सीआरआईएफ आरआरपी (एलडब्ल्यूई) तथा आरसीपीएलडब्लूईए योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए।

# सड़कों पर 240 ई-बस उतारने तैयारियां तेज, तकनीकी तैयारियों और क्षमता विकास के लिए हुई ट्रेनिंग खत्म

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई की सड़कों पर 240 ई-बस उतारने की तैयारियां तेज कर दी हैं। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत राज्य में ये ई-बसें संचालित की जाएंगी। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की पहल पर शहरी आवागमन को बेहतर बनाने ई-बस सेवा के प्रभावी संचालन हेतु नगरीय प्रशासन विभाग एवं सुडा (SUDA) के अधिकारियों के क्षमता विकास के लिए आज एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

डिप्टी सीएम साव ने ई-बस सेवा को प्रभावी रूप से लागू कर जल्द ही नागरिकों को प्रदूषणरहित बस सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसे धरातल पर उतारने केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के विशेषज्ञों और अधिकारियों ने नया रायपुर स्थित विश्राम भवन में विभिन्न सत्रों में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में राज्य के अधिकारियों को ई-बस सेवा के बेहतर संचालन के लिए तकनीकी जानकारियां प्रदान कीं।

सुडा के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत कुमार रायस्त, कोरबा नगर निगम के अपर आयुक्त विनय कुमार मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी निशिकांत वर्मा, सुडा के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरि और सचित साहू, रायपुर नगर निगम के कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव और राकेश मसीह, सहायक अभियंता योगेश कडु औरसुनील तांडे, विशेषज्ञ बीएल चंद्राकर, उप अभियंता पलाश वैद्य, बिलासपुर नगर निगम के कार्यपालन अभियंता अनुपम तिवारी, सहायक अभियंता निलेश पटेल, सुडा के प्रबंधक सुरेन्द्र मृगा और सहायक प्रबंधक देवव्रत सिंह भी प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में शामिल हुए।




### लोगों को मिलेगी सस्ती और प्रदूषणरहित यात्रा

राज्य शहरी विकास अभिकरण (SUDA) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय ने प्रशिक्षण में कहा कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना नगरीय यातायात में मील का पत्थर साबित होगी। इससे लोगों को सस्ती और प्रदूषणरहित यात्रा सुलभ होगी। आज के इस प्रशिक्षण में ई-बस सेवा के संचालन के लिए तकनीकी जानकारियां दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में कुल 240 ई-बसें मुहैया कराई जा रही हैं। इनमें रायपुर के लिए 100, दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसें शामिल हैं। चारों शहरों में बस डिपो, सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं बीटीएम पॉवर इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए कुल 67 करोड़ 40 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। रायपुर को 27 करोड़ 23 लाख रुपए, दुर्ग-भिलाई को 17 करोड़ 75 लाख रुपए, बिलासपुर को 11 करोड़ 45 लाख रुपए तथा कोरबा को 10 करोड़ 97 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### ई-बस सेवा से प्रदूषण होगा नियंत्रित

शहरी परिवहन संस्थान के डिप्टी टीम लीडर राम पौनीकर ने प्रशिक्षण में कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण प्रदूषण विश्व के लिए बड़ी चिंता का विषय है। पर्यावरण के प्रदूषण के लिए वाहनों से उत्सर्जित धुआं एक महत्वपूर्ण कारक है। ऐसे में ई-बस सेवा का संचालन पर्यावरण के प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित कर सकता है। आईयूटी की सुश्री एकता कपूर ने प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना में छत्तीसगढ़ की भागीदारी की जानकारी दी। डब्ल्यूआरआई इंडिया के कार्यक्रम प्रमुख श्री चिंतन दफ्तरदार ने सिटी बस सेवाओं के लिए संस्थागत ढांचा एवं प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत एकीकृत निविदा और अनुबंध के विषय में विस्तार से बताया।

### निगरानी एवं मूल्यांकन महत्वपूर्ण पहलू

दफ्तरदार ने ई-बस और सिटी बस सेवाओं की निगरानी पर कहा कि किसी भी योजना के कुशल संचालन में सेवाओं की निगरानी एवं मूल्यांकन महत्वपूर्ण बिंदु होता है। मूल्यांकन के आधार पर ही सेवाओं की गुणवत्ता के स्तर को देखा जाता है। इस सेवा में भी निगरानी एवं मूल्यांकन महत्वपूर्ण पहलू होगा। सीईएसएल के प्रतिनिधि श्री वेंकट श्रीनिवास और श्री भरत गुप्ता ने ई-बस सेवा योजना में ऑपरेटर को भुगतान, भुगतान की शर्तें, भुगतान हेतु देयक, भुगतान प्रक्रिया तथा पीएसएम प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ निविदा और अनुबंध से जुड़े विभिन्न तकनीकी विषयों पर चर्चा की।

# चौहान समाज संस्कृति और धरोहर को संजो कर रखने वाला समाज: वित्त मंत्री ओपी चौधरी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरिया में आयोजित गन्धर्वकला सांस्कृतिक सम्मेलन में कहा कि समाज के वंचित लोगों को समाज के मुख्य धारा में जोड़ने का प्रयास सभी का नैतिक जवाबदारी है। चौहान समाज अपनी धरोहर और संस्कृति को संजो कर रखा है।

चौहान समाज का यह प्रयास सभी समाज के लिए अनुकरणीय है। चौहान समाज जागरूक समाज है। समाज के लोग अपने निरंतर प्रयास से विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह का लाभ समाज के युवक-युवतियां ले रहीं हैं।

कार्यक्रम में युवाओं ने मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन किया। मंत्री चौधरी सहित अन्य अतिथियों ने युवा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर रायगढ़ नगर निगम के महापौर जीवर्धन चौहान, नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने हेतु कृषि एवं आनुशांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका: कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि क्षेत्र सहित आनुशांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका है। यह बस्तर के समग्र विकास की धुरी है। इसे मद्देनजर रखते हुए मक्का एवं मिलेट्स फसलों, दलहन-तिलहन फसल क्षेत्र विस्तार, मसाला फसलों के रकबा विस्तार के लक्ष्य को हासिल करने पर ध्यान केंद्रीत करें। साथ ही बस्तर में जैविक खेती की अपार संभावनाओं को देखते हुए जैविक खेती को ज्यादा प्रोत्साहित करने सहित यहां की अनुकूल वातावरण के मद्देनजर कॉफी एवं ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। वहीं पशुपालन और मत्स्यपालन एवं झींगापालन के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। उक्त निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कोंडागांव में आयोजित संभाग स्तरीय रबी समीक्षा सहित खरीफ2025 की तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने खरीफ2025 के कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल देते हुए नियमित तौर पर समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर्स तथा अन्य अधिकारियों को दिए।



कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने बस्तर के किसानों की बीज की मांग को स्थानीय स्तर पर पूर्ति करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर बीज उत्पादन कार्यक्रम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों सहित महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए कहा कि इन वर्गों के किसानों को बीज प्रमाणीकरण पंजीयन शुल्क से छूट प्राप्त है, इसलिए बीज उत्पादन कार्यक्रम से उक्त वर्ग के किसानों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने पहल करें। इन्हें बीज एवं अन्य आदान सामग्री की उपलब्धता सहित प्रशिक्षण से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने खरीफ फसल सीजन में धान के रकबा में कमी लाने के लिए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने हेतु कार्ययोजना के अनुसार कोदो-कुटकी एवं रागी मिलेट्स सहित दलहन-तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा देने कहा। कृषि उत्पादन आयुक्त ने खरीफ2025 के कार्ययोजना के अनुसार किसानों की मांग के अनुरूप बीज-खाद और फसल ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीज-खाद का लक्ष्य के अनुरूप भंडारण एवं वितरण किया जाए। खाद-बीज के गुण नियंत्रण के लिए नियमित तौर पर निरीक्षण करने सहित जांच एवं कार्यवाही अनिवार्य रूप से किया जाए।

उन्होंने अधिकारियों को खाद-बीज और फसल ऋण सुलभता की नियमित तौर पर समीक्षा करने सहित किसान क्रेडिट कार्ड में अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही पशुपालन, कुक्कुटपालन, सूकरपालन, बकरापालन सहित मत्स्यपालन और उद्यानिकी फसलों की खेती इत्यादि आनुशांगिक सेक्टरों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बस्तर संभाग के अंतर्गत किसानों को लघु सिंचाई साधन की उपलब्धता हेतु प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, किसान समृद्धि योजना, सौर सुजला योजना के क्रियान्वयन तथा सिंचाई पम्पों के विद्युतीकरण की भी समीक्षा की गई।

### बस्तर बनेगा पाम ऑयल हब

कृषि उत्पादन आयुक्त ने नेशनल मिशन आन एडिबले ऑयल की कार्ययोजना को व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन करने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर के उच्चहन भूमि तथा अनुकूल जलवायु ऑयल पाम की खेती के लिए काफी मुनासिब है। किसान ऑयल पाम की खेती के साथ पामा रोजा एवं लेमनग्रास की इंटर क्रॉपिंग भी कर सकते हैं। साथ ही साग-सब्जी की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। अतएव भविष्य में खाद्य तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बस्तर में ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। इस दिशा में कलस्टर बनाकर किसानों का चयन करने सहित उन्हें हरेक सहायता सुलभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि बस्तर में ऑयल पाम के पर्याप्त उत्पादन के पश्चात पाम ऑयल तैयार करने के लिए प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना भी प्रस्तावित है।

### जैविक खेती को प्रोत्साहन देने पर बल

कृषि उत्पादन आयुक्त ने बस्तर में जैविक खेती की अपार सम्भावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की भूमि की उर्वरता और वातावरण जैविक खेती के लिए काफी अनुकूल है। इसलिए अधिकाधिक किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें हरसम्भव मदद सुलभ कराया जाए। उन्होंने नेशनल मिशन आन नेचुरल फार्मिंग के लिए भी बस्तर को उपयुक्त निरूपित करते हुए इस दिशा में तैयार कार्ययोजना का कारगर कार्यान्वयन किए जाने के निर्देश दिए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने 10 वर्ष के भीतर की विभिन्न किस्मों के रकबा विस्तार के लिए भी प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

# छत्तीसगढ़ में बाल श्रम के विरुद्ध कड़ा एक्शन: डॉ. वर्णिका शर्मा ने दिए प्रदेशव्यापी छापेमारी के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने अपने कार्यभार ग्रहण के दूसरे ही दिन बाल श्रम की रोकथाम को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेशभर में व्यापक छापेमारी अभियान के निर्देश जारी किए हैं। डॉ. शर्मा ने श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षकों को आठ बिंदुओं पर आधारित सुनियोजित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाल श्रम का उन्मूलन एक दिवस की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक सतत अभियान है, जिसे निरंतरता से संचालित किया जाना चाहिए।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के बाल अधिकारों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध दृष्टिकोण के अनुरूप, यह पहल राज्य में बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में निर्णायक कदम के रूप में देखी जा रही है। डॉ. शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि अप्रैल 2025 से प्रारंभ होकर प्रत्येक तीन माह में सात दिवसीय प्रदेशव्यापी छापामारी अभियान चलाया जाए। इस कार्यवाही में जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस प्रशासन और संबंधित थाना क्षेत्रों की भागीदारी से विशेष दलों का गठन किया जाएगा। अभियान के दौरान पाए गए बाल श्रमिकों को तत्काल आवश्यकतानुसार बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि इन कार्यवाहियों के दौरान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया जाए। अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम प्रतिषेध दिवस (12 जून 2025) को सार्थक बनाते हुए, प्रत्येक जिले में जिला कलेक्टर के समक्ष श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। आम नागरिकों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए, डॉ. शर्मा ने श्रम विभाग के अंतर्गत टोल फ्री नंबर की स्थापना और उसके सक्रिय संचालन की अनुशंसा की है, जिससे बाल श्रम संबंधी सूचनाएं त्वरित रूप से प्राप्त की जा सकें।

बाल श्रम के मूल कारणों को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि बचाए गए बालकों के परिवारों को तत्काल रोजगार उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए जिला कलेक्टोरेट स्तर पर 'एकल खिड़की व्यवस्था' स्थापित करने की सिफारिश की गई है, जिससे प्रभावित परिवारों को समुचित और त्वरित सहायता दी जा सके। डॉ. शर्मा के यह निर्देश मुख्यमंत्री साय एवं मंत्री राजवाड़े की मंशा के अनुरूप बाल अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक प्रभावी और दूरदर्शी कदम माने जा रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950